# शहर में दस लाख आबादी को कल नहीं मिलेगा पानी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर के कई प्रमुख इलाकों में 10 नवम्बर को सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जलकल विभाग ने इस संबंध में नागरिकों से आवश्यक तैयारी करने की अपील की है। विभाग के अनुसार गिरधर लाल माथुर रोड, मुसाहिब गंज के पास स्थित रॉ-वॉटर मेन फीडर पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कारण रॉ-वॉटर सप्लाई को निर्धारित समय के लिए रोकना आवश्यक होगा।

जलकल विभाग से दी गई जानकारी के अनुसार मरम्मत का कार्य 10 नवम्बर को प्रातः 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान गऊघाट पम्पिंग स्टेशन से ऐशबाग जलकल को रॉ वॉटर सप्लाई बंद रहेगी, जिसके परिणामस्वरूप ऐशबाग जलकल से जुड़े कई क्षेत्रों की सायंकालीन पेयजल आपूर्ति प्रभावित होगी। जलकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पाइप लाइन में लीकेज की समस्या सामने आने के बाद तकनीकी निरीक्षण किया गया।

रिसाव के कारण जल आपूर्ति के दबाव में कमी और जल अपव्यय दोनों की स्थिति बन रही थी। इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करना आवश्यक है।

## इन क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

- ऐशबाग, राजेन्द्र नगर, राजाबाजार, राजाजीपुरम, करेहटा, गढ़ी कनौरा, गनेशगंज, नक्खास, लालबाग, कैसरबाग, मौलवीगंज, माल एवेन्यू, हजरतगंज (आंशिक), लाटूश रोड, नाका हिण्डोला एवं आस-पास के क्षेत्र।

## नागरिकों से जल भंडारण की अपील

विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा है कि वे 09 नवंबर व 10 नवम्बर की प्रातःकालीन जलापूर्ति के दौरान ही आवश्यक मात्रा में पेयजल भंडारित कर लें, ताकि शाम के समय जलापूर्ति बाधित होने पर किसी प्रकार की कठिनाई न हो।उन्होंने आगे कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान विभाग पूरी सतर्कता और तकनीकी मानकों का पालन करेगा और जलापूर्ति को शीघ्र सामान्य करने के लिए टीम तैनात रहेगी। जनहित में नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है।

## कंट्रोल रूम में कॉल करके मांगे टैंकर

- जलकल विभाग के जीएम कुलदीप सिंह ने कहा, उक्त मरम्मत कार्य नागरिक हित में किया जा रहा है। यदि किसी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है तो जलकल विभाग के टैंकर की आवश्यकता अनुसार तुरंत उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। जिन क्षेत्रों में पानी की आवश्यकता हो या आपात स्थिति हो, वहां के नागरिक सीधे कंट्रोल रूम में कॉल करके टैंकर की मांग कर सकते हैं।

**कंट्रोल रूम नंबर**
- 8177054100
- 8177054003
- 8177054010

## विक्रम नगर में पानी का संकट, जलकल ऑफिस घेरा



**लखनऊ।** केसरी खेड़ा वार्ड स्थित विक्रम नगर में पिछले तीन दिनों से गहराए पेयजल संकट से सैकड़ों परिवार प्रभावित हैं। ट्यूबवेल पंप ठप होने के कारण लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। शनिवार को आक्रोशित स्थानीय निवासियों ने जलकल विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। स्थानीय निवासियों लालता प्रसाद, परमलाल, ललित बहादुर, तेजू, पवन, श्रीराम, कुसलेश, सरवन, उमाशंकर, कटोरी, सरला शर्मा, खुशबू शर्मा, धर्मावती, सीमा देवी और दिलीप कुमार ने बताया कि ट्यूबवेल पंप तीन दिनों से बंद पड़ा है। इसकी मरम्मत शुरू नहीं हुई है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, जिससे कॉलोनी के लोगों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।रिहायशी क्षेत्र में समर सेबिल पंप न होने से यह संकट और गहरा गया है। पार्षद को जानकारी देने के बाद अस्थायी रूप से पानी के टैंकर भेजे गए, लेकिन टैंकर का सीमित पानी भी लोगों की परेशानी का सबब बन गया। महिलाओं और बुजुर्गों को सड़क से बाल्टियों और डिब्बों में पानी भरकर घरों तक ले जाना पड़ रहा है। महिला रामरती ने बताया- पानी की किल्लत के चलते बहुत परेशानी हो रही है। प्यासे मर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। परेशान लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ट्यूबवेल की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे जलकल कार्यालय का घेराव करेंगे और विरोध प्रदर्शन तेज करेंगे। केसरी खेड़ा वार्ड के पार्षद देवेंद्र सिंह जीतू ने बताया कि उन्होंने पिछले दो दिनों में कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है, लेकिन किसी अधिकारी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। पार्षद के अनुसार, अवर अभियंता डी.बी. सिंह ने अब फोन उठाना भी बंद कर दिया है, जिससे अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। पार्षद ने चेतावनी दी कि यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला एक बड़े जन आंदोलन का रूप ले सकता है, क्योंकि पूरा क्षेत्र पानी के लिए बेहाल है।

## महानगर में खुर्रम बिल्डर का अपार्टमेंट समेत 20 अवैध निर्माण सील



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की चेतावनी के बाद से प्रवर्तन टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक 20 अवैध निर्माण सील किये गए। इसमें महानगर में नियमों को ताक पर रखकर बन रहा खुर्रम बिल्डर का अवैध अपार्टमेंट भी शामिल है। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि महानगर के सेक्टर-बी में भूखण्ड संख्या-सी-362 पर राहुल मिश्रा, विनोद कुमार, अनिमेश, हरीश कुमार, प्रमोद मिश्रा व खुर्रम बिल्डर द्वारा लगभग 5,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध तरीके से अपार्टमेंट का निर्माण करवाया जा रहा था। इसे विहित प्राधिकारी न्यायालय के आदेशों के क्रम में सील कर दिया गया। इसी तरह फरहान और मोहम्मद लईक द्वारा गुड़म्बा में कुर्सी रोड पर पलका चौराहे के पास 02 जगहों पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। अवैध तरीके से निर्मित किये जा रहे इन दोनों कॉम्पलेक्स पर सीलिंग की कार्रवाई की गयी। इसके अलावा उमाकांत बिल्डर द्वारा चिनहट में देवा रोड पर ग्राम-नौबस्ता कला में द वुड अपार्टमेंट व बीसीसी ग्रीन के पास 100-100 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्डों पर 14 रो-हाउस भवनों का निर्माण किया जा रहा था। वहीं, फहीम व अन्य द्वारा चिनहट में अयोध्या हाईवे पर दो मंजिला कॉम्पलेक्स बनवाया जा रहा था। इसी तरह मोहम्मद शान द्वारा इंदिरा नगर के अबरार नगर में लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल व हंजला बिल्डर की ओर से सर्वोदय नगर में लगभग 2500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बहुमंजिला अपार्टमेंट का निर्माण कराया जा रहा था। जोनल अधिकारी ने बताया कि एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन सभी अवैध निमार्णों को सील कर दिया गया।

# वीरांगना ऊदा देवी पासी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का 16 को होगा अनावरण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपने बलिदान से इतिहास में अमर हुई वीरांगना ऊदा देवी पासी की स्मृति में इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड क्षेत्र के सेक्टर 19 पासी चौराहा, वृंदावन कॉलोनी पीपरीखेड़ा के समीप उनकी 21 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस प्रतिमा का अनावरण आगामी 16 नवंबर को देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ की ओर से किया जाना प्रस्तावित है। इसी सिलसिले में शनिवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने प्रतिमा स्थल और आसपास के क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिमा स्थल, मार्ग, पार्क, प्रवेश द्वार और आस-पास की व्यवस्थाओं की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान सदस्य विधान परिषद रामचंद्र सिंह प्रधान, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, एडीएम

- **रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री करेंगे प्रतिमा का अनावरण**

सिटी महेंद्र पाल सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, जोन-8 के जोनल अधिकारी श्री विकास सिंह, नगर निगम के जोनल अधिकारीगण तथा आवास विकास परिषद के अधिशासी अभियंता मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने आवास विकास विभाग के अधिशासी अभियंता को क्षेत्र में आने वाली सड़कों की मरम्मत और समतलीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिथियों, आगंतुकों और स्थानीय नागरिकों के लिए मार्ग पूरी तरह सुगम और व्यवस्थित होना चाहिए।

नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता (आरआर) को निर्देश दिया कि क्षेत्र में बिजली पोलों पर अवैध रूप से लटके और उलझे तारों को तत्काल हटाया जाए, जिससे सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और कार्यक्रम स्थल की सुंदरता भी बनी रहे। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली के साथ तैयारी पूरी करने को कहा, ताकि प्रतिमा अनावरण समारोह गरिमामय और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## आवास एवं विकास में लगे संपत्ति मेले समस्याओं का समाधान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की समस्त जोन में आज संपत्ति मेला सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस मेले का आयोजन आवास आयुक्त के निदेर्शों के क्रम में किया गया, जिसके अंतर्गत परिषद के विभिन्न संपत्ति प्रबन्ध कार्यालयों में अनिस्तारित संपत्तियों से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया गया। संपत्ति मेले के दौरान आवंटन, रिफंड, नामांतरण, विक्रय विलेख, कब्जा प्रदान करने, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित औपचारिकताओं की पूर्ति जैसे विविध प्रकरणों का मौके पर समाधान किया गया। इस पहल का उद्देश्य आवंटियों एवं लाभार्थियों को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध कराते हुए उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में लखनऊ जोन के अंतर्गत संपत्ति मेला, संपत्ति प्रबंध कार्यालय, वृन्दावन योजना सेक्टर-9 पर उप आवास आयुक्त चंदन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें परिषद की वर्तमान में संचालित योजना, ₹पहले आओ पहले पाओ के अंतर्गत उपलब्ध कराये जा रहे फ्लैट्स की जानकारी हेतु बड़ी संख्या में इच्छुक क्रेताओं ने प्रतिभाग किया।

## 14 नवंबर तक बनकर तैयार होगा जंबूरी स्थल

**लखनऊ।** भारत स्काउट एवं गाइड की डायमंड जुबली जंबूरी तथा 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन इस वर्ष लखनऊ में होने जा रहा है। यह आयोजन 23 से 29 नवंबर 2025 तक वृंदावन योजना में डिफेंस एक्सपो क्षेत्र में प्रस्तावित है, जिसमें देश भर से लगभग 30,000 स्काउट-गाइड एवं यूनिट लीडर्स और 1500 विदेशी प्रतिभागियों के आने की संभावना है। इस बड़े और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के चलते नगर निगम और अन्य विभागों की तैयारियों को तेज कर दिया गया है।

इसी क्रम में शनिवार को नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल की वास्तविक स्थिति देखी और अधिकारियों के साथ हर बिंदु पर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपेक्षित तैयारियों की गति को लेकर उन्होंने असंतोष भी जताया और स्पष्ट निर्देश दिए कि काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, जोन-8 के जोनल अधिकारी शिवकास सिंह, मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा, मुख्य अभियंता (आरआर) मनोज प्रभात, जोनल सेनेटरी अधिकारी जितेंद्र गांधी, लायन एनवायरो टीम तथा आवास विकास एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल और आस-पास के पूरे क्षेत्र में अंधेरे की कोई स्थिति न रहे। सभी बिजली के खंभों पर स्पाइरल लाइट लगाने का आदेश दिया गया। मुख्य अभियंता (आरआर) को सभी प्रकाश पोल की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रकाश व्यवस्था की स्थिति स्पष्ट रहे और उसे तुरंत सुधार किया जा सके। आयोजन में हजारों प्रतिभागी शामिल होंगे, नगर आयुक्त ने स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। जोनल सेनेटरी अधिकारी को सभी सफाई कर्मियों की बीट वाइज ड्यूटी रोस्टर तैयार करने और पदानुक्रम के अनुसार निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कूड़ा न उठने पर महापौर भड़कीं, जोनल अफसर को फटकार

**लखनऊ।** गोमतीनगर के विनीत खंड-6 में गुरुवार को पहुंचीं लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल उस वक्त नाराज हो गई जब स्थानीय महिलाओं ने शिकायतों का पिटारा खोल दिया। महिलाओं ने बताया कि इलाके में कूड़ा उठाने की गाड़ी कई-कई दिन तक नहीं आती, सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं और धीरे-धीरे वही अवैध ठेलो से कूड़ा लेकर और इधर-उधर डालने के कारण डंपिंग पॉइंट का रूप ले लेते हैं। महिलाओं ने कहा कि लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड की गाड़ियां महीनों से नहीं दिखीं, जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इस पर महापौर ने तत्काल मौके पर जोन 4 के जोनल सेनेटरी अफसर पंकज शुक्ला को बुलाया और सबके सामने कड़ी फटकार लगाई। महापौर ने कहा अगर हम जनता से टैक्स लेते हैं तो उन्हें सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। कूड़ा न उठना गंभीर लापरवाही है। कल तक मुझे लिखित रिपोर्ट दी जाए कि आखिर क्यों नहीं उठ रहा है कूड़ा। महापौर ने कहा कि मेरा नंबर और पार्षद का नंबर लोगों को दे दो, अगर गाड़ियां नहीं आईं तो मैं खुद आकर कूड़ा उठाऊंगी। महापौर की इस सख्ती के बाद जोनल अफसर पंकज शुक्ला से स्पष्टीकरण मांगा गया है। महापौर ने कहा कि अब किसी वार्ड से शिकायत नहीं आनी चाहिए, वरना कार्रवाई तय है। बताया जा रहा है कि लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड को डोर-टू-डोर कूड़ा उठान का जिम्मा मिले डेढ़ साल से अधिक हो चुका है, लेकिन ग्राउंड लेवल पर हालात जस के तस हैं। न नियमित सफाई, न समय पर कलेक्शन।

## प्लास्टिक व गंदगी फैलाने पर जुर्माना वसूला

**लखनऊ।** शनिवार को नगर निगम में शहर में प्लास्टिक, पॉलीथिन और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। यह अभियान नगर निगम के विभिन्न जोनों में एक साथ संचालित किया गया, जिसके तहत अवैध अतिक्रमण और स्वच्छता नियमों का पालन न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान जोन-1 के लालबाग क्षेत्र में दुकानदारों की ओर से फैलाई जा रही प्लास्टिक गंदगी और अतिक्रमण की शिकायतों पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया। नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर कुल 69,000 रुपये का चालान दुकानदारों से वसूला गया। उधर, जोन-6 में भी स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान के तहत बालागंज चौराहे के आसपास विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों को पॉलीथिन के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया और उनसे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग करने की अपील की। कार्रवाई के दौरान गंदगी फैलाने पर 1800 रुपये तथा पॉलीथिन के उपयोग पर 13,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

## बच्चों में डायरिया का प्रकोप ज्यादा

**लखनऊ।** लोकबंन्धु अस्पताल, बलरामपुर अस्पताल और केजीएमयू में डायरिया का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। ऐसे में बच्चे सबसे ज्यादा इससे प्रभावित हो रहे है। रुक-रुककर हो रही बारिश के वजह से कई संक्रामक रोक बढ़ गये है। सबसे ज्यादा गंदा पानी और बाहर के खाना खाने से यह हो रहा है। लोकबंधु अस्पताल में डयरिया होने के मरीज ज्यादा पहुंच रहे है। किसी को गुलोकोज की जरुरत है तो किसी को फेफड़े में परेशानी हो रही है। लोकबंधु अस्पताल के एमएस गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे मरीजो के लिए तत्काल बेड महैया कराया जा रहा है। कुछ मरीजो को दवा देकर घर भेज दिया जाता है। ऐसे संक्रमण से ज्यादातर बच्चे भी इससे प्रभावित हो रहे है। जिन्हे बच्चो के वार्ड में रखकर दवा दिया जाता रहा है।

# यूपीएमआरसी की उपलब्धियों ने यूएमआई 2025 में खींचा सबका ध्यान



**लखनऊ/गुरुग्राम।** अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) ने अपनी प्रभावशाली भागीदारी दर्ज कराई है। सम्मेलन के दूसरे दिन हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यूपीएमआरसी स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर निदेशक/ रोलिंग स्टॉक एंड सिस्टम, नवीन कुमार ने उन्हें लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की उपलब्धियों और प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने यूपीएमआरसी के कुशल और समयबद्ध कार्यान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं ने शहरी परिवहन को नई दिशा दी है। विदित हो कि अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो शहरी परिवहन के क्षेत्र में नवाचार, रणनीति और विकास पर विमर्श का एक प्रमुख मंच है, जिसमें शहरी नियोजन एवं परिवहन से जुड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भाग लेती हैं। कल केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने सम्मेलन का उद्घाटन करने के उपरांत यूपीएमआरसी स्टॉल का दौरा किया था। सम्मेलन के दौरान उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक श्री सुशील कुमार ने 'टियर-2 और टियर-3 शहरों में गतिशीलता के विकल्प' विषय पर आयोजित सत्र में मुख्य वक्ता के तौर पर हिस्सा लिया।

### स्टॉल पर दिखा नवाचार और तकनीक का समन्वय

यूएमआई एक्सपो में यूपीएमआरसी का स्टॉल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। यहां कानपुर, लखनऊ और आगरा मेट्रो ट्रेनों के आकर्षक मॉडल्स प्रदर्शित किए गए, जिनसे दर्शकों को यूपीएमआरसी की विश्वस्तरीय मेट्रो रेल इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीकी नवाचारों और यात्री सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही, स्टॉल पर कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति और मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी प्रयासों को भी प्रदर्शित किया गया।

# ध्यान एक हाईवे है, जिस पर चलकर जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं

**लखनऊ।** पिरामिड स्पीचुवल सोसाइटीज मूमेंट की ओर से ध्यान और ध्यान के अनुभवों से लोगों को जागरूक करने को उत्तर प्रदेश ध्यान महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। लखनऊ टीम की ओर से तीन दिवसीय यह कार्यक्रम आईएमआरटी बिजनेस स्कूल गोमती नगर में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन शुक्रवार को चेयरमेन डीआर बंसल ने किया।

पूर्व उपायुक्त विपिन कुमार चौधरी ने ध्यान के अनुभवों को साझा कर कहा कि आनापानसति ध्यान एक हाईवे की तरह है, जिस पर चलकर कोई भी जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इसमें केवल सांसों पर ध्यान केंद्रित करना होता है।

कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को चेतना मार्गदर्शक हितेश वशिष्ठ ने दो घंटे का ध्यान कराया। सीनियर पिरामिड मास्टर अमूल्या और आलेख्या शास्त्री ने पिरामिड मेडिटेशन हिंदी चैनल के बारे में बताया। साथ ही महान

- **उत्तर प्रदेश ध्यान महायज्ञ में बताई गई ध्यान की उपयोगिता**

गुरु ब्रह्मऋषि पितामह सुभाष पत्री के अमूल्य जीवन के बारे में लोगों को जानकारी दी। प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. ऋतु जैन, डॉ. धीरेंद्र सरीन और एमबीबीएस डॉ. एस. रंजन ने प्राकृतिक चिकित्सा एलोपैथ और एलोपैथ के साथ-साथ शरीर, मन और आत्मा के स्तर पर मेडिटेशन के माध्यम से हीलिंग करते हुए स्वास्थ्य जीवन प्राप्त करने के बारे में बताया। समग्र ऊर्जा विशेषज्ञ साम्पा मुखर्जी ने व्यक्ति में इमोशन, उसकी पहचान कर उनको व्यवस्थित करने, तनाव से मुक्त कर उन्मुक्त जीवन जीने की कला को दशार्या। इसके अलावा अन्य जनपदों से आई टीमों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। यह कार्यक्रम रविवार को भी होगा। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेश व जिलों से बड़ी संख्या में ध्यानी पहुंचे।

## बिजलीकर्मियों के घर स्मार्ट मीटर तभी मिलेंगे आवास

**लखनऊ।** बिजलीकर्मी को सरकारी आवास लेना है तो उसे अपने घर में स्मार्ट मीटर लगवाना होगा। पावर कार्पोरेशन का चेयरमैन आशीश गोयल ने आदेश जारी कर दिया है। प्रदेश में तकरीबन 30 हजार सरकारी आवास हैं। डॉ. गोयल ने एक बार फिर सभी बिजली कर्मचारियों से अपील की है कि जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर लगवाएं। उन्होंने कहा है कि ये मीटर एनर्जी एकाउंटिंग के लिए लगवाए जा रहे हैं। कर्मचारियों को पहले से मिलती आ रही छूट मीटर लगने के बाद भी जारी रहेगी। पावर कॉरपोरेशन की तमाम दलीलों के बावजूद बिजली कर्मचारी आवासों पर मीटर लगाने का विरोध कर रहे हैं। बीते दिनों कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने इस मसले पर सभी डिस्कॉम को आदेश भी दिए थे कि वे बिजली कर्मचारियों के सरकारी आवासों पर मीटर लगवाने की कार्रवाई तेज करें। तबादलों के बाद मीटरीकरण में आएगी तेजी हाल ही में बिजली कर्मचारियों के बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं। दूसरी जगहों पर गए कर्मचारी नई तैनाती की जगह पर सरकारी आवास की तलाश में होंगे। ऐसे में अध्यक्ष के हालिया आदेश से मीटरीकरण की राह खुल सकती है।

# शीतलहर से पहले नगर निगम ने देखी शेल्टर होम और अलाव की तैयारियां

### सभी शेल्टर होम में हीटर, रजाई, कंबल की होगी व्यवस्था, शहर में सफाई अभियान व नाइट स्वीपिंग की भी मॉनिटरिंग होगी कड़ी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शीतकालीन रितु के आगमन को देखते हुए नगर निगम प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। शनिवार को नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने जोन-8 कार्यालय से वीसी के माध्यम से समस्त अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारियों, जोनल सेनेटरी अधिकारियों और अभियंताओं के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर के स्थाई एवं अस्थाई शेल्टर होम को पूरी तरह से सक्रिय और सक्षम बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में स्थापित सभी स्थाई और अस्थाई शेल्टर होम की तुरंत समीक्षा की जाए। प्रत्येक शेल्टर होम की स्थिति, उपलब्ध संसाधन और आवश्यक सामग्री की सूची तैयार कर उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने आदेश देते हुए कहा कि ह्वशेल्टर होम का संचालन जोनल अधिकारी और अधिशासी अभियंताओं की संयुक्त जिम्मेदारी होगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ह्वइसके साथ ही उन्होंने सभी शेल्टर होम में हीटर, ब्लोअर, रजाई-कंबल और अन्य व्यवस्था शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि इस संबंध में सोमवार तक समस्त अपर नगर आयुक्त द्वारा विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसी आदेश के क्रम में शनिवार को विभिन्न जोन में अपर नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारियों ने रैन बसेरों का निरिक्षण भी किया। अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव ने जोन 5 स्थित गीतापल्ली स्थित रैन बसेरे का निरिक्षण किया और अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए।

### शहर में अलाव व्यवस्था की तैयारी तेज

बैठक में अलाव की व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर के भीड़ भाड़ वाले और जरूरत भरे स्थानों पर अलाव की व्यवस्था समय से पहले उपलब्ध की जाए। इसके लिए आवश्यक तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि जैसे-जैसे तापमान कम होगा, अलाव लोगों के लिए जीवन रक्षक भूमिका निभाएगा।

### गंदगी फैलाने वालों पर होगा जुर्माना

बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जोनल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाएं। जहां लोग गंदगी फैला रहे हैं, वहां कड़ी कार्रवाई की जाए और नोटिस एवं जुमार्ना लगाया जाए। यदि कोई कार्यदाई संस्था निर्धारित मानक के अनुसार कार्य नहीं कर रही है तो उसके खिलाफ भी जुमार्ना और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि शहर में स्थित सभी पड़ाव घर या तो व्यवस्थित किए जाएं या फिर वहां कूड़े फैलने पर पूर्ण रोक लगाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने नाइट स्वीपिंग कार्य की जोनल अधिकारियों को स्वयं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

**जोन 8 कार्यालय का किया निरीक्षण :** वर्चुअल बैठक के बाद नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जोन-8 कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में मूलभूत सुविधाओं में सुधार, टॉयलेट को बेहतर बनाने, कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने और टूटी-फूटी सामग्री हटाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आलमारियों पर जॉब कार्ड लगाने, पुराने रिकॉर्ड को व्यवस्थित रूप से सुरक्षित रखने और कार्यालय पटल पर कर्मचारियों के नाम स्पष्ट रूप से लिखे होने के निर्देश दिए।

## उत्तर प्रदेश को गेहूं उत्पादक राज्य घोषित करने की मांग तेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि राज्य को ओपन मार्केट सेल स्कीम (डोमेस्टिक) यानी ओएमएसएस-डी के अंतर्गत आधिकारिक रूप से ₹गेहूं उत्पादक राज्य₹ का दर्जा दिया जाए। एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कुमार बजाज ने कहा कि इस दर्जे से प्रदेश की मिलों को बिना किसी अतिरिक्त मालभाड़ा शुल्क के गेहूं उपलब्ध हो सकेगा तथा उद्योग को प्रतिस्पर्धात्मक समानता मिलेगी। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ओएमएसएस स्कीम के तहत खुले बाजार में गेहूं बिक्री की घोषणा की है। इस योजना के तहत गेहूं का आरक्षित मूल्य 2,550 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,425 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े गेहूं उत्पादक राज्यों में से एक है और यहां सबसे ज्यादा रोलर फ्लोर मिलें संचालित हैं।

## वोटर आईडी कार्ड अब सीधे मतदाता हो ही मिलेगा

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग इस बार सौ प्रतिशत मतदान कराने के लिए सभी औपचारिकताओं को समय से पहले पूरा करने की तैयारी में लगा हुआ है। इस बार जो भी पहले मतदाता बढ़े है उनको समय पर मतदाता पहचान पत्र मिले इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिस मतदाता का वोटर आईडी कार्ड है उसी मतदाता हो ही वोटर आईडी कार्ड दिया जाना चाहिए। जिससे वह समय पर बिना किसी परेशानी के मतदान स्थल पर जाकर मतदान कर सके।

## मिठाई के साथ डिब्बा नही तौल सकते दुकानदार

**लखनऊ।** मिठाई के साथ कोई भी दुकानदार डिब्बा नही तौल सकता है। ग्राहक चाहे तो वह अपने साथ खाली डिब्बा लाकर मिठाई ले सकता है। त्योहारों पर दुकानदार और ग्राहक के बीच लड़ाई डिब्बे को लेकर अक्सर होती रहती है। दुकानदार अपने डिब्बे का दाम मिठाई के दाम सके साथ तौल देता है जो ग्राहक नही देना चाहता है। लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमर नाथ मिश्रा ने कहा कि डिब्बा महंगा होता है जिससे मिठाई देखने में खुबसुरत लगती है। ऐसे में ग्राहक चाहे तो वह सस्ते डिब्बे में मिठाई ले सकता है। दुकानदार के तरफ से ग्राहक को डिब्बा लेने का कोई भी दबाव नही होता है। अब एक नजर में समझिये कि कैसे ग्राहक को मिठाई का डिब्बा महंगा पड़ता है। खाद्य एवंम रसद विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बाट माप नियमो के अनुसार कोई समान खरीदने पर ग्राहक से झोला या पैकेट के नाम पर अधिक वसुली नही किया जा सकता है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# बहन की इंगेजमेंट की खरीदारी कर लौट रहे भाई की सड़क हादसे में मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ में थाना क्षेत्र में बहन की इंगेजमेंट के लिए खरीदारी कर लौट रहे बाइक सवार ठेकेदार व उनकी पत्नी को शनिवार की दोपहर सुल्तानपुर हाइवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इनको सीएचसी गोसाईगंज ले जाया गया। जहां ठेकेदार को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि पत्नी को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन भाग निकला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर कार्रवाई शुरू की है। गोसाईगंज इलाके के अमेठी कस्बे के पटवन टोला निवासी 55 वर्षीय ठेकेदार सईद चिनहट के मटियारी में रहते थे। शनिवार को उनके घर में छोटी बहन की इंगेजमेंट थी। इसको लेकर वह पत्नी उजमा के साथ शनिवार को गोसाईगंज खरीददारी करने गए थे। वहां से वह दोपहर को बाइक से लौट रहे थे। तभी क्षेत्र के ही सुल्तानपुर हाइवे पर काजीखेड़ा गांव के मोड़ के पास जब वह पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन इनकी बाइक में टक्कर मार कर निकल गया। हादसे में दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देने के बाद घायल दंपत्ति को सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने ठेकेदार सईद को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनकी पत्नी को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**रुक गई बहन की इंगेजमेंट:** परिजनों के मुताबिक सईद की छोटी बहन की आज ही इंगेजमेंट थे। घर में तैयारियां चल रही थीं। मेहमानों का आना जारी था। शाम को बहराइच से लड़के वाले इंगेजमेंट के लिए आने वाले थे। इस बीच सईद अपनी पत्नी के साथ खरीदारी करने गए थे। तभी वह लौटते समय रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। उनकी मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। परिजन व मेहमान फौरन अस्पताल पहुंचे। परिजनों के मुताबिक पुलिस ने सईद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मेहमान व परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे हैं। फिलहाल उनकी बहन की इंगेजमेंट रोक दी गई है। बताया गया है कि मृतक की छोटी बहन की आज एंगेजमेंट थी जिसकी खरीदारी करके वो पत्नी संग बाइक से वापस घर लौट रहा था।

**संदिग्ध हालत में महिला की मौत:** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के माल एवेन्यू इलाके में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध हालात में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हुसेनगंज इलाके की माल एवेन्यू कालोनी में रहने वाली प्रभा केसरवानी (60) को गंभीर हालात में मेदांता में शुक्रवार को एडमिट कराया गया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## बाइक सवार दंपत्ति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पति की मौत महिला गंभीर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुल्तानपुर हाइवे पर गोसाईंगंज के काजीखेड़ा गांव की मोड़ के पास शनिवार को तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे पति की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

गोसाईंगंज के अमेठी कस्बे के पटवन टोला निवासी सईद (55) अपनी पत्नी उजमा के साथ बाइक से गोसाईंगंज बाजार से वापस घर जा रहे थे। सुल्तानपुर हाइवे पर काजीखेड़ा गांव की मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल पति पत्नी को राहगीरो ने एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहाँ डॉक्टरो ने सईद को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनकी पत्नी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। मृतक सईद ठेकेदारी करते थे।

## सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही छात्रा ने किया सुसाइड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र के कंचनपुर मटियारी इलाके में सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही 24 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना शनिवार सुबह सामने आई, जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा न खुलने पर तोड़ा तो अंदर युवती का शव पंखे से लटका मिला।



युवती की पहचान श्रेया शुक्ला (24) पुत्री संजय कुमार, निवासी मकान नंबर 28, पीतांबरा बिहार कॉलोनी, कंचनपुर मटियारी, चिनहट के रूप में हुई है।

श्रेया प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। परिजनों के मुताबिक, वह शुक्रवार रात अपने कमरे में सोने के लिए गई थी। सुबह देर तक दरवाजा न खुलने पर परिवार ने झांककर देखा तो वह फंदे से लटकी मिली। सूचना पर चिनहट थाने की पुलिस मौके पर पहुँची। फील्ड यूनिट को बुलाया गया और साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेकर पंचनामा भर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद मिश्र ने बताया कि वह सिविल सर्विसेज की परीक्षा में असफल हो रही थी। जिसके कारण वह लगातार अवसाद में रह रही थी।

## पुलिस ने पकड़ा दो किलो अमेरिकन गांजा

लखनऊ। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व मड़ियांव पुलिस की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार देर रात यादव चौराहे के पास से दो मादक पदार्थ तस्करों प्रतापगढ़ कंधई निवासी सूरज सिंह और सत्यम को गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब दो किलो अमेरिकन गांजा, तीन मोबाइल व एक कार मिली। बरामद गांजे की कीमत लाखों में बताई गई है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि बृहस्पतिवार रात एएनटीएफ की टीम की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। एएनटीएफ में तैनात दरोगा कुलदीप शर्मा ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मड़ियांव थाने में केस दर्ज कराया है।पूछताछ में आरोपी सूरज व सत्यम ने बताया कि अमेरिकन गांजे की तस्करी का धंधा गोरखपुर के दाऊदपुर निवासी फर्जी दरोगा प्रनीत तिवारी अपने साथी अभिषेक यादव के साथ करता है। उसने ही उन लोगों को गांजा लखनऊ में सप्लाई करने के लिए दिया था। आरोपी प्रनीत आईआईएम रोड स्थित अपार्टमेंट में रहता है। आरोपियों ने यह भी बताया कि वह अपनी कार में दरोगा की कैप को आगे रखकर तस्करी करता है। उसका साथ अभिषेक यादव देता है। आरोपियों ने बताया कि वे लोग प्रनीत व अभिषेक से 14 से 15 बार पहले भी अमेरिकन गांजा खरीदकर बेच चुके हैं।

## एमराल्ड माल से कर्मचारी की पल्सर बाइक चोरी, एक सप्ताह बाद मुकदमा दर्ज

आलमबाग। आशियाना थाना क्षेत्र मे घूम रहे चोरों ने बीते एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र मे संचालित एमराल्ड माल के बाहर खडी कर्मचारी की बाइक पार कर दिया। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित मानस नगर निवासी मंजू देवी पत्नी अमित कुमार के अनुसार उनका बेटा थाना क्षेत्र मे संचालित एमराल्ड में नौकरी करता है। बीते मंगलवार 28 अक्टूबर को रोज की तरह वह नौकरी पर एमराल्ड माल अपनी पल्सर बाइक संख्या यूपी 32 एफ क्यू 0239 से आया था और उसने माल के गेट नम्बर 4 के पास अपनी उक्त बाइक को खडी किया था। जिसे चोरों ने पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित युवक की माँ की शिकायत पर जांच के बाद शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

# लोहिया संस्थान के समीप कैसे खुली शराब की दुकान

## हाईकोर्ट ने आबकारी आयुक्त से मांगा जवाब

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आबकारी आयुक्त से पूछा है कि विभूति खंड में डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान के 100 मीटर से कम दायरे में शराब और बीयर की दुकान कैसे खुल गई। न्यायालय ने आबकारी आयुक्त को यह भी बताने को कहा है कि जब उक्त तथ्य उनके संज्ञान में आ गया, तब उन्होंने क्या कार्रवाई की। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 14 नवंबर की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने स्थानीय निवासी दिनेश यादव व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि लोहिया संस्थान के गेट के काफी करीब अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान का लाइसेंस दे दिया गया है। याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि उक्त दुकान लोहिया संस्थान के गेट से 53 मीटर दूर है लिहाजा लाइसेंस देने में कोई अवैधानिकता नहीं हुयी है। इस पर याचियों के अधिवक्ता का कहना था कि उत्तर प्रदेश बनाम मनोज कुमार द्विवेदी मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अस्पतालों से कम से कम 100 मीटर के बाहर शराब की दुकानों का लाइसेंस देने का आदेश दिया था, उक्त मामले में स्वयं यूपी सरकार पक्षकार थी, बावजूद इसके 53 मीटर के दायरे को विधि संगत बताया जा रहा है। इस पर न्यायालय ने जवाब मांगते हुए, दुकान के अनुज्ञापी नितिन जायसवाल को भी नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

## रिश्वत के आरोपित गोण्डा बीएसए को नहीं मिली राहत, याचिका वापस

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फर्नीचर के टेण्डर को लेकर रिश्वत लेने के आरोपों में दर्ज एफआईआर में आरोपी बनाए गए गोण्डा जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से कोई राहत नहीं मिली है।

दरअसल बीएसए के अधिवक्ता ने याचिका पर बल न दिए जाने की प्रार्थना की जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए, याचिका को वापस लिए जाने की अनुमति दे दी। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने बीएसए अतुल कुमार तिवारी की याचिका पर दाखिल किया। याचिका में गोण्डा जनपद के कोतवाली नगर में मनोज पाण्डेय द्वारा रिश्वत लेने व अन्य आरोपों में दर्ज एफआईआर को चुनौती दी गई थी। कोर्ट के आदेश पर 4 नवंबर को दर्ज उक्त एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि वादी की कंपनी को फर्नीचर सप्लाई का ठेका जेम पोर्टल के जरिए मिला था। आरोप है कि बीएसए तथा डीसी जेम प्रेम शंकर मिश्रा व डीसी सिविल विद्या भूषण मिश्रा ने वादी से कहा कि उक्त काम कुल 15 करोड़ रुपये का है, जिसके 15 प्रतिशत के हिसाब से दो करोड़ 25 लाख रुपये कमीशन वादी को देना पड़ेगा जिसमें से 50 लाख रुपये उच्च अधिकारियों को देने होंगे, तभी वे आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करेंगे। आरोप है कि इस तरह से बीएसए ने वादी से 22 लाख रुपये, चार लाख रुपये डीसी जेम प्रेम शंकर मिश्रा व डीसी सिविल विद्या भूषण मिश्रा को दिए, रिश्वत की बाकी रकम को लेकर अधिकारियों व वादी में विवाद हो गया, जिसके पश्चात उक्त एफआईआर दर्ज करायी गई।

## बिजली मिस्त्री ने दुपट्टे के सहारे लगायी फांसी

आलमबाग। आशियाना इलाके मे रहने वाले एक 22 वर्षीय बिजली मिस्त्री ने अपने मकान के तीसरे तल पर शुक्रवार सुबह पंखे के हुक मे दुपट्टे के सहारे फांसी लगा अपनी जान गवां दी। आनन फानन में परिजन युवक को फंदे से उतार नजदीकी लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने बिजली मिस्त्री को मृत घोषित कर पुलिस को जानकारी दे दी। वही अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मिली जानकारी के अनुसार आशियाना थाना इलाके स्थित फिरंगी खेड़ा गांव में रहने वाला 22 वर्षीय सौरभ उर्फ सल्लू पुत्र शंकर बिजली मिस्त्री था और वायरिंग का काम करता था ।मृतक का बड़ा भाई गौरव मानसिक रूप से विक्षिप्त है। मृतक ही अपने परिवार का भरन पोषण करता था ।जिसकी दो सप्ताह बाद आगामी 22 नवंबर को शादी तय थी और घर में शादी की तैयारी चल रही थी, ग्रामीणों के अनुसार मृतक के पिता ने दूसरी शादी कर रखी थी और मृतक अपनी सौतेली मां से काफी प्रताड़ित रहता था और अपने सौतेली मां की प्रताड़ना से फांसी लगा अपनी जान दे दी।

## रिटायर्ड कर्नल के खाते से उड़ाये तीन लाख

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में एक सेवानिवृत्त कर्नल के खाते से साइबर जालसाजों ने करीब तीन लाख रुपये उड़ा दिए। हैरानी की बात यह है कि ठगी के दौरान न तो पीड़ित को कोई कॉल आई, न कोई ओटीपी या बैंक का मैसेज, फिर भी रकम खाते से निकल गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। आशियाना के शारदानगर स्थित एडब्ल्यूएचओ कॉलोनी त्यागी विहार निवासी रिटायर्ड कर्नल सतीश कांडपाल के मुताबिक बताया कि 19 सितंबर 2024 को उनके एचडीएफसी बैंक के डेबिट कार्ड से दो संदिग्ध लेनदेन किए गए। इन दोनों ट्रांजेक्शनों की राशि 2 लाख 95 हजार रुपये थी और बैंक रिकॉर्ड में यह फ्लिपकार्ट नो स्वीप ईएमआई के नाम से दर्ज है।कांडपाल को घटना की भनक करीब एक साल बाद, 5 नवंबर 2025 को लगी जब उनके मोबाइल पर दूसरी ईएमआई के भुगतान का संदेश आया। तब उन्हें पता चला कि पहली किस्त पहले ही कट चुकी थी। उन्होंने बताया कि न तो उन्होंने कोई ऑनलाइन खरीदारी की थी और न ही किसी तरह की स्वीकृति या ओटीपी दिया था। उन्होंने तुरंत बैंक और पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। आशियाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का लगाया आरोप

लखनऊ ।सरोजनीनगर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और इंटरनेट पर वायरल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई हैं ।सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित दरोगा खेड़ा के रनियापुर निवासी महिला का कहना है कि किसी ने उसकी फोटो को अनजान व्यक्ति के साथ अश्लील फोटो एडिट करके सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और इंटरनेट पर वायरल किया है ।पीड़िता का कहना है कि यह फोटो किसने बनाई या बनवाई उसको पता नहीं है,लेकिन यह फोटो जिसने भी वायरल किये है। उन लोगों को खिलाफ कठिन से कठिन कार्रवाई की जाय ।पीडिता का कहना है कि एडिट कर बनाई गयी अश्लील फोटो से सोशल मीडिया ,व्हाट्सएप इंटरनेट के द्वारा उसके चरित्र को धूमिल किया जा रहा है ।जिससे समाज और गांव में निकलने में उसको शर्मिंदगी महसूस हो रही है ।पीड़िता ने इसकी शिकायत सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई कसरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है ।

## ट्रेडर्स व्यापारी ने रंगेहाथ चोरी करते पकड़ा महिला गैंग

आलमबाग ।आशियाना थाना इलाके में शनिवार सुबह एक ट्रेडर्स व्यापारी ने रंगेहाथों दुकान के बाहर सरिया आदि समान चोरी करते एक महिलाओं के समूह को पकड़ कंट्रोल नंबर पर सूचना दे आशियाना पुलिस के सुपुर्द कर शिकायत की है ।आशियाना क्षेत्र के सेक्टर के आशियाना चौराहे पर अर्चना अवस्थी पत्नी अमित अवस्थी की वैष्णवी ट्रेडिंग कार्पोरेशन के नाम से सरिया सीमेंट की दुकान है। अमित अवस्थी के अनुसार बीते 5 नवंबर दुकान के पास से खड़ी ट्रैक्टर की बैट्री और करीब पांच कुंतल सरिया चोरी हुआ था जोकि महिला चोरों द्वारा चोरी किया गया था जिनकी करतूत सीसी कैमरे में कैद हो गई थी शनिवार को भी महिला चोरों द्वारा दो कुंतल सरिया चोरी कर लिया गया जिन्हें चोरी करते हुए उनलोगों ने रंगे हाथ महिलाओं को पकड़ लिया और जब महिलाओं के पास मौजूद बोरो की तलाशी ली तो उसमें चोरी का सरिया मिला। कारोबारी ने कंट्रोल नंबर पर सूचना दे चोर महिलाओं को आशियाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया ।

# कार्तिक पूर्णिमा मेले में पहलवानों ने दिखाये दांव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट स्थित इंदिरा जल सेतु पर चल रहे चार दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेले का आज तीसरा दिन बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।दूर-दूर से आए भक्तों ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मेले परिसर में धार्मिक भजन-कीर्तन, कथा प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।




इस अवसर पर नेता जी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की स्मृति में एक भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर से नामी पहलवानों ने शिरकत की।मुकाबलों में पहलवानों ने दमखम दिखाया और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिवपाल सिंह यादव ने अखाड़े में पहुंचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।उन्होंने कहा कि दंगल जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं हमारी संस्कृति की पहचान हैं, जो आज भी समाज को जोड़ने का कार्य कर रही हैं। इस मौके पर मेले के संस्थापक पूर्व विधायक राजेंद्र यादव और अध्यक्ष सुरेश यादव ने शिवपाल सिंह यादव का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।कार्यक्रम में स्थानीय जनता, श्रद्धालु और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इंदिरा जल सेतु पर चल रहा यह धार्मिक मेला आस्था, परंपरा और उत्साह का प्रतीक बन चुका है। मेले में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र में स्वच्छता अभियान और सेवा शिविरों के माध्यम से समाजसेवी संगठन लगातार सक्रिय हैं। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का भी अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा है।

## ब्लैकमेलिंग की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** आशियाना क्षेत्र में बिजली विभाग के इंजीनियरों को ब्लैकमेल करने वाले एक गिरोह का मामला सामने आया है। यह गिरोह खुद को ठेकेदार या ग्राहक बताकर विभागीय अधिकारियों से प्रोजेक्ट के नाम पर संपर्क करता था और बाद में पैसे की मांग कर धमकाने लगता था।

अम्बेडकर विश्वविद्यालय उपखंड कार्यालय में तैनात अवर अभियंता सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि बीते 4 नवम्बर को सुबह लगभग 11.30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उनके कार्यालय पहुँचे। उन्होंने खुद को साइड डेवलपमेंट (मैक्स) प्रोजेक्ट से जुड़ा बताते हुए विद्युतिकरण के लिए प्राक्कलन तैयार करवाने की बात कही। जेई के अनुसार, जब उनसे आवश्यक प्रपत्रों की जानकारी मांगी गई तो अज्ञात व्यक्तियों ने अनुमानित प्राक्कलन की धनराशि जानने पर जोर दिया। निरीक्षण के आधार पर जब उन्हें बताया गया कि प्राक्कलन लगभग तीन से चार लाख रुपये के बीच का होगा, तो उन लोगों ने क्षेत्रफल बढ़ाने की बात कहते हुए पांच लाख रुपये की राशि स्वयं देने की पेशकश की।

जेई द्वारा सभी औपचारिक दस्तावेज मांगे जाने के बाद भी वे लगातार फोन पर धनराशि की जानकारी लेते रहे। बाद में उन अज्ञात व्यक्तियों ने जेई सचिन श्रीवास्तव के मोबाइल नंबरों पर कॉल कर धमकियां दीं और पैसे की मांग शुरू कर दी। पीड़ित अभियंता ने बताया कि जब उन्होंने इस अवैध मांग का विरोध किया, तो गिरोह के लोगों ने ऑडियो और वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने थाना आशियाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## दहेज हत्यारोपी गिरफ्तार

लखनऊ। थाना बंथरा इलाके मे एक दहेज हत्यारोपी वांछित अभिक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त को पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा भेज दिया। बंथरा डाकघर के बगल दीक्षित हार्डवेयर के घर पर ससुरालीजनों द्वारा मिलकर अशोक कुमार तिवारी पुत्र रामेश्वर तिवारी निवासी प्लाट संख्या 662 आदर्श बिहार थाना चकेरी न्यू पी ए सी लाइन कानपुर नगर की पुत्री की दहेज मांगने की बात को लेकर हत्या करने की वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री सेजल कनौजिया के स्कूली अभिलेखों में माता का नाम त्रुटिवश किरन कनौजिया दर्ज है जबकि माता के आधार कार्ड में उनका सही नाम किरन देवी अंकित है। मेरी पुत्री के स्कूली अभिलेखों में माता का सही नाम दर्ज किया जाये। **किरन देवी पत्नी श्री सुमित कुमार नि.- 2/735 विवेक खण्ड गोमती नगर लखनऊ।**

# थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

नगराम। नगराम थाने पर शनिवार के दिन थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । समाधान दिवस में राजस्व संबंधी कुल आठ मामले आए जिसमें थानाध्यक्ष द्वारा राजस्व टीम के साथ पुलिस बल मौके पर भेज कर निस्तारण का निर्देश दिया गया।

पहला मामला समेसी का मजरा बिहारी लाल खेड़ा गांव निवासी साहेब दीन ने पेश किया जिसमें राजस्व अभिलेखों में चक मार्ग में दर्ज गाटा संख्या 4001 से अतिक्रमण हटवाकर खाली कराए जाने का अनुरोध किया गया ।

दूसरा मामला संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पेश कर बलसिंह खेड़ा गांव निवासी बलसिंह खेड़ा स्थित गाटा संख्या 1258 मि. रकबा 0.085 हे. उसके व सह खातेदार राजाराम बलराम राम सनेही बाबू चंद्र बेचा लाल व राम सागर के नाम बतौर सह खातेदार दर्ज है जिसकी पैमाइश करा दी जाय। बहरौली गांव निवासी गांव निवासी राम दत्त आवंटन की भूमि गाटा संख्या 1247 रकबा 0.126 हे. की नाप कर कब्जा दिलाए जाने की फरियाद लगाई गई । चौथा मामला घोड़सारा गांव निवासी शमशाद अली ने पेश पर आरोप लगाया कि वह गांव स्थित तालाब किनारे जमीन पर लगभग 20 वर्षों से घूरा डाल रहे थे जिस पर गांव के ही मंशा राम ट्रैक्टर चलवा कर जबरन कब्जा कर रहे हैं। पांचवां मामला कुबहरा गांव निवासी महादेव ने पेश किया गया जिसमें आरोप लगाया कि गांव के ही श्रवण कुमार व बब्लू द्वारा उसके घर आने जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया है जिसे खुलवाया जाय।

छठा मामला निगोहां के गनेशी खेड़ा भद्दी सिर्स गांव निवासी मोहम्मद नबी ने पेश किया जिसमें कहा कि नगराम के सलेमपुर अचाका गांव में उसकी भूमि गाटा संख्या 11 रकबा 0.1830 हे. मि. बतौर बैनामा राजस्व अभिलेखों में उसके नाम दर्ज है उक्त भूमि पर वहीं के अली हसन जबरन कब्जा किए हुए हैं। सातवां मामला अंबवा मुर्तजा पुर गांव निवासी शिव कुमार द्वारा पेश कर आरोप लगाया कि उसके खेत के बगल गाटा संख्या 582 नाली में दर्ज है जिस पर लोगो को खेत आने जाने का रास्ता है गांव के ही नीरज उमेश रमेश व राकेश उक्त नाली की मेड़ पर जबरन बांस लगा कर कब्जा कर लिया है । समेसी का मजरा शंकर खेड़ा गांव निवासी सहज राम की पत्नी रुकमिन ने आठवां मामला पेश कर बताया कि बलसिंह खेड़ा गांव में उसकी भूमि गाटा संख्या 904 क रकबा 0 .880 हे. 916 है जिसके बगल में ग्राम समाज की जमीन है जी एस की भूमि बताकर बलसिंह खेड़ा गांव निवासी मंगल आदि उसकी जमीन में जुताई कर कब्जा कर रहे हैं ।

सभी पेश मामलों में थानाध्यक्ष विवेक चौधरी द्वारा राजस्व टीम के साथ पुलिस बल भेज कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया ।इस अवसर पर उपनिरीक्षक संदीप कुमार चंद्र बहादुर यादव हेड कांस्टेबल जान मोहम्मद राकेश कुमार सिपाही सुनील कुमार राय, पवन कुमार, सुरजीत वर्मा ,महिला आरक्षी आकांक्षा व राजस्व निरीक्षक नजमुद्दीन, लेखपाल नीतू सिंह, कृति श्रीवास्तव, रोशनी साहू, श्रवण कुमार मिश्रा, दीपक द्विवेदी, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक शिव सुख समेत फरियादी मौजूद रहे।

## यातयात नियमों की छात्र छात्राओं को दी जानकारी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के डीसीपी ट्रैफिक द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार शनिवार को कृष्णानगर क्षेत्र स्थित स्कूटर इंडिया चौराहा और बंथरा के स्कूल एवं कॉलेज में छात्र एवं छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में स्कूटर इंडिया चौराहा स्थित जीएसआर एम मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज और कानपुर हाइवे बंथरा स्थित ग्रीन बैरी वर्ल्ड में छात्र छात्राओं को ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर और अधिक सुरक्षित व सुगम बनाने के उद्देश्य से ट्रैफिक एसीपी राधा रमण सिंह के नेतृत्व में सुगम सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों में हेलमेट पहनने के लाभ , ट्रैफिक नियमों का कैसे पालन करें से संबंधित जागरूकता अभियान के तहत जानकारी दी गई। इस दौरान उनके साथ टी आई कृष्णानगर रविन्द्र कुमार सिंह सहित कॉलेज एवं स्कूल के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक मौके पर उपस्थित रहें। अभियान के तहत ऑटो को क्यू आर कोड जिससे कि वाहन चालक की पहचान हो दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की भी जानकारी दी गई।एसीपी राधा रमण सिंह ने कहा कि, सुरक्षित सफर सभी की जिम्मेदारी है। नियमों का पालन करके हम दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोक सकते हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में यातायात अनुशासन के प्रति जागरूकता फैलाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। मौके पर ट्रैफिक पुलिस ने छात्र छात्राओं को पर्चे बाँटकर ट्रैफिक नियमों की जानकारी भी दी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | एयर ब्रेक पाइपिंग को एम.एस./ई.आर.डब्ल्यू. एस.एस. पाइप से सीमलेस एस.एस. पाइप में परिवर्तित करना (आई.सी.एफ. कोचों में)। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 4,44,27,741 मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 3,72,100/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 01.12.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट –www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.– सी एंड डब्लू ईनिविदा – 64 दिनाँक: 07.11.2025 3477/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अपने किरदार के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी : सृष्टि जैन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा सृष्टि जैन एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। इस बार वह लेकर आई हैं गंगा माई की बेटियां जिसमें वह साहाना का किरदार निभा रही है। शो का प्रोमो आते ही दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और अब हर कोई इस कहानी और इसके किरदारों को लेकर उत्सुक है। हाल ही में सृष्टि ने अपने किरदार, शो, कुकिंग और शूटिंग के अनुभव सहित कलाकारों के साथ बोन्डिंग के बारे में बताया।

**हाल ही में आपके शो गंगा माई की बेटियां का प्रोमो आया और उसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस शो को लेकर आप क्या कहना चाहेंगी ?**

आजकल ज्यादातर टीवी शोज हीरो-हीरोइन पर केंद्रित होते हैं, लेकिन गंगा माई की बेटियां उन कहानियों में से है जिसमें हर किरदार की अहमियत है। हर कोई एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। यह एक खूबसूरत वेब की तरह है और दर्शक इसमें अपनी झलक देख पाएंगे।

**आपके किरदार साहाना के बारे में बताइए, वह कैसी है ?**

साहाना बहुत ही प्यारी, मासूम और त्यागी लड़की है। वह मां की परछाई है, जिसने अपनी पढ़ाई तक छोड़ दी ताकि घर संभाल सके और अपनी छोटी बहनों को पढ़ा-लिखा सके। वह खुद से ज्यादा दूसरों के बारे में सोचती है और चाहती है कि उसकी बहनें पढ़ाई करके अच्छे मुकाम पर जाएं।

**साहाना का मासूम और सादगी भरा स्वभाव पर्दे पर उतारना कितना चुनौतीपूर्ण रहा ?**

सच कहूँ तो यह मेरे लिए बहुत अलग रोल है। सृष्टि और साहाना बिल्कुल अलग हैं। साहाना बेहद सिंपल है जबकि मैं रियल लाइफ में काफी कॉन्फिडेंट हूँ. इसलिए मुझे उसकी बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका और हावभाव पर कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हमने कोशिश की है कि सब कुछ असली लगे, एक्टिंग जैसा न लगे।

**इस शो की शूटिंग का अनुभव कैसा रहा ?**

बहुत शानदार। हमारी बॉन्डिंग सेट पर परिवार जैसी है. यहाँ तक कि सेट पर जो रसोई दिखाई जाती है, वह भी असली है। हम सच में चूल्हा जलाते हैं और खाना पकाते हैं। इससे किरदार और भी असली लगते हैं।

**रियल लाइफ में आपको कुकिंग पसंद है ?**

हाँ, मुझे खाना बनाना बहुत पसंद है. मेरा कम्फर्ट फूड दाल-चावल है और मुझे भिंडी भी बहुत पसंद है। मैं घर का बना सादा खाना ज्यादा पसंद करती हूँ, पिज्जा-पास्ता उतना नहीं।

**इस शो के लुक को लेकर आपकी क्या राय है ?**

इस बार मेरा लुक बिल्कुल रियल और सिंपल रखा गया है। कोई स्टाइलाइजेशन नहीं किया गया, इस लुक को देखकर मैं खुद हैरान थी।

**दर्शकों को आप क्या संदेश देना चाहेंगी ?**

आप सभी ने अब तक मुझे बहुत प्यार दिया है, उसके लिए दिल से शुक्रिया. अब गंगा माई की बेटियां को भी उतना ही प्यार दें। यह शो रात 9 बजे जी टीवी पर आ रहा है। उम्मीद है कि आप सभी इसे जरूर देखेंगे।

# आज से शुरू होगी साईं चांडूराम साहिब की अस्थि कलश दर्शन यात्रा

- यात्रा छह राज्यों के 24 शहरों से होकर गुजरेगी और इसका समापन 30 नवम्बर को प्रयागराज में होगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग, वीआईपी रोड स्थित शिवशांति संत आसूदाराम आश्रम के पूर्व पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन संत शिरोमणि साईं चांडूराम साहिब की अस्थि कलश दर्शन यात्रा नौ नवम्बर से महाराष्ट्र के नागपुर से शुरू होगी। यह यात्रा छह राज्यों के 24 शहरों से होकर गुजरेगी और इसका समापन 30 नवम्बर को प्रयागराज में होगा। आश्रम के सेवादार व प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि कलश यात्रा छह राज्यों के 24 शहरो में बने संत बाबा आसूदाराम सतसंग भवन पहुंचेगी। यहां पर श्रद्धालु दर्शन और पुष्पांजलि अर्पित कर सकेंगे। स्मरण सभा भी होगी। जिसमें साईं के विचारों का बखान होगा। यात्रा में मुख्य रूप से आश्रम के पीठाधीश्वर साईं मोहनलाल और साईं हरीशलाल भी शामिल रहेंगे।

अखिल भारतीय संत बाबा आसूदाराम सेवा समिति के महासचिव राजकुमार पंजवानी के मुताबिक 24 दिवसीय यात्रा में सेवादार व भजन मंडली शामिल रहेंगी।

# पहाड़ी कला संस्कृति के साथ आज से शुरू होगा उत्तराखंड महोत्सव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नौ नवंबर से शुरू हो रहे दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव का उद्घाटन प्रथम दिन मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा तथा समापन के अवसर पर 18 नवम्बर को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि होंगे। यह आयोजन उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक जीवन, लोक संगीत और नृत्य परंपरा का जीवंत उत्सव है। प्रतिदिन उत्तराखण्ड से आये छोलिया दल अपने रंग बिरंगे परिधानों से सुसज्जित तथा विशेष वाद्य यंत्रो की प्रस्तुति से मुख्य अतिथि का स्वागत दर्शकों को मंत्र मुग्ध करेगा।

**महोत्सव में लगेंगे 150 स्टॉल:** संयोजक दीवान सिंह अधिकारी ने बताया कि हर वर्ष गोमती तट पर 10 दिवसीय महोत्सव आयोजन करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है। महोत्सव में भारत के विभिन्न प्रांतो की हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पाद, स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित जैविक उत्पाद, हर्बल जूस, उत्तराखंड की मिठाई, नैनीताल की नमकीन, कश्मीरी शाल, कालीन, खान-पान के साथ करीब 150 स्टोलों की प्रदर्शन लगाई गयी है, जो सुबह 10:00 बजे से 10:00 बजे तक चलेगी।

**महोत्सव में दिखेगी विविधता की झलक:** महोत्सव में 200.कलाकारों द्वारा भारत की विविधता की झलक देखने को मिलेगी। देश के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, संगीत और संस्कृति की अद्भुत सतरंगी छठा और वॉयस ऑफ उत्तराखंड -उत्तराखंड की आत्मा को छू लेने वाले लोकगीतों की लाइव प्रस्तुति - स्वर, साज और संगीतमय विरासत का अद्वितीय संगम बनेगा। एक शाम-स्टार नाइट उत्तराखंड के प्रसिद्ध कलाकारों के संग - संगीत, नृत्य और रंगारंग कार्यक्रम दर्शको का मन मोहेंगे। दिन के कार्यक्रमों में बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए आकर्षक प्रतियोगिताएं - सांस्कृतिक संवाद, शैक्षणिक गतिविधियाँ, काफव एकल गायन प्रतियोगिता, काफव समूह गायन प्रतियोगिता, कॉफव लोक नृत्य-गायन प्रतियोगिता, एकल नृत्य-समूह नृत्य, चित्रकला प्रतियोगिता आदि आयोजित किये जायेंगे। महोत्सव से पूर्व उत्तराखंडी गानों-गुलाबी शरारा, बेडू पाको बारोमासा आदि तथा अन्य हिन्दी, गुजराती गानों पर डांडिया से शाम-ए-अवध गुलजार होगी। डांस उत्तराखंड डांस जिसमें 12 प्रतिभाशाली टीमों के 120. कलाकारों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊनी एवं जौनसारी लोकगीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियाँ तथा झोड़ा प्रतियोगिता- 500 से अधिक मातृशक्ति की भागीदारी से, गोमा तट पारंपरिक झोड़ों से उत्तराखण्ड की लोक कला की प्रस्तुतियाँ होंगी।

## महोत्सव की पूर्व संध्या पर डांडिया नाइट में गूंजे पहाड़ी गीत, झूमे दर्शक





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तराखण्ड महोत्सव - 2025 की पूर्व संध्या पर उत्तराखण्ड महापरिषद, लखनऊ द्वारा पंडित गोविंद बल्लभ पंत सांस्कृतिक उपवन लखनऊ के हृदयस्थल पर एक भव्य एवं उल्लासपूर्ण डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में उत्तराखण्ड की पारंपरिक संस्कृति, लोकसंगीत और नृत्य की अद्भुत झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और जय वद्री विशाल के उद्घोष के साथ हुई। इसके पश्चात फूलदेई छम्मा छम्मा, छोड़ दे देण्या घुघूती बसूती की मधुर धुनों पर कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और जय बढ़ी विशाल उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध पहाड़ी गीतों बेडू पाको बारामासा बासंती म्यर पहाड़ झुमका गिरा रे नैनीताल मा तथा पारंपरिक डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। पहाड़ी सुरों पर थिरकते कदमों और छड़ियों की झंकार ने पूरे वातावरण को उत्सव और उमंग से भर दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ जनों ने भाग लिया। विशेष रूप से श्रीमती पुष्पा वैष्णव, हेमा विष्ट, शशि जोशी, हरितिमा पंत, पूनम कंवल, देवश्री पंवार, सुनीता रावत, कमला चुफाल, मनीषा चिलवाल, शोभा रावत आदि ने अपनी ऊजार्वान सहभागिता से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। वहीं श्री जगत सिंह राणा, पूरन सिंह जीना, भारत सिंह विष्ट, महेन्द्र गैला कोटी, राजेश विष्ट. पान सिंह. कैलाश सिंह, रमेश अधिकारी, चंद्रमोहन जोशी, पंकज खर्कवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे और उन्होंने अपने नृत्य व उत्साह से माहौल को और भी रोशन कर दिया। इस अवसर पर कल्याणपुर, कुमाउँ । चल नगर, पंतनगर तेलीबाग, गोमतीनगर तथा अलीगंज क्षेत्रों से आए विभिन्न लोक कलाकार समूहोंने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चाँद लगाए। ढोल दमाऊ, हुड़का और रणभेरीकी थाप पर सभी उपस्थित जन पारंपरिक लय में झूम उठे।

महापरिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि डांडिया नाइट का उद्देश्य उत्तराखण्ड की लोकधुनों को आधुनिक मंच पर प्रस्तुत करते हुए युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। यह आयोजन उत्तराखण्डी अस्मिता और एकता का प्रतीक है। पूरा आयोजन अत्यंत रंगीन, उल्लासमय और सांस्कृतिक समरसता से परिपूर्ण रहा। उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति ने डांडिया नाइट का भरपूर आनंद लिया। यह आयोजन मध्यरात्रि तक चलता रहा, और अंत में सामूहिक प्रस्तुति घुघूती बसूती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह डांडिया नाइट आगामी उत्तराखण्ड महोत्सव-2025 (दिनांक 9 से 18 नवम्बर 2025) की सांस्कृतिक प्रस्तावना के रूप में आयोजित की गई, जिसने लखनऊ के सांस्कृतिक परिदृश्य में उत्तराखण्ड की लोकधुनों का जादू बिखेर दिया।

# गजल संग्रह मुन्तजिर हूं मैं का लोकार्पण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रतिध्वनि नामक एक सहित्यिक संस्था के तत्वाधान में आज दिनांक 8 नवंबर 2025 को हिंदी भवन के निराला सभागार में एक उभरती शायरा मंजुल निगम का प्रथम गजल संग्रह मुन्तजिर हूं मैं का लोकार्पण किया गया। प्रतिध्वनि के संयोजक भूपिंदर सिंह जी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती का आवाहन किया गया और शोभा दीक्षित ने सरस्वती वंदना की। तत्पश्चात वरिष्ठ शायरों और माननीय अतिथिगणों को सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथियों मुख्यतः विजय स्वर्णकार, भूपेंद्र सिंह, कृपा शंकर श्रीवास्तव, मंजू सक्सेना, गुरचरण मेहता, जगदीश मीणा, पूर्णिमा वर्मन, अशोक श्रीवास्तव, माधुरी स्वर्णकार आदि ने गजल संग्रह की विस्तृत समीक्षा की और संग्रह के कुछ चुनिंदा शेरों की चर्चा की। सुष्मिता सिंह ने मुन्तजिर हूं मैं पुस्तक से गजल गायन किया। तत्पश्चात काव्य संध्या के तहत चुनिंदा साहित्यकारों ने अपनी कृतियों का पठान और गान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली से प्रधारे प्रसिद्ध गजलकार विजय स्वर्णकार ने की। मंच का संचालन स्वधा जी ने किया। संध्या सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आमंत्रित अतिथियों का धन्यवाद किया।

# चुनावी माहौल के बीच पवन सिंह का नया गाना रिलीज

**लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा के स्टार पवन सिंह का नया गाना जोड़ी मोदी नितिश जी की हिट होइए गुरुवार को रिलीज हुआ। एक्टर-सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर इस गाने को शेयर किया। गाना सुनकर पवन सिंह के फैंस, यूजर्स ने भी रिएक्शन दिया है। बिहार में जल्द ही चुनाव हैं। पवन सिंह भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं। वह पार्टी का प्रचार करते हैं। इसी बीच उनका नया गाना जोड़ी मोदी नितिश जी की हिट होइए रिलीज हुआ। इस गाने में वह पीएम मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार का जिक्र कर रहे हैं, इनकी जोड़ी को हिट बता रहे हैं। गाना सुनकर एक फैन ने कमेंट किया, ह्यप्रचार वाले गाने में भी वाइब है, जियो शेर। एक यूजर ने लिखा, पवन सिंह के गले में सरस्वती जी का वास है। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, ह्यपवन सिंह, जनता के दिल में हमेशा हिट। कई फैंस ने हार्ट, फायर इमोजी पवन सिंह के लिए कमेंट सेक्शन में शेयर किए हैं। पिछले दिनों पवन सिंह अपने करियर के अलावा निजी जीवन को लेकर भी चर्चा में रहे। पत्नी ज्योति सिंह के साथ उनका वैवाहिक विवाद जगजाहिर हो गया है। तलाक का केस भी कोर्ट में चल रहा है। कुछ दिन पहले भोजपुरी स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भी दाखिल किया। वह चुनाव प्रचार भी कर रही हैं।

# प्यार, त्याग और दो बहनों की अद्भुत कहानी है 'सत्या साची'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बहनें सिर्फ. रिश्तों से नहीं, दिल से जुड़ी होती हैं। एक हँसी, एक आँसू और एक ऐसा वादा जो ज़िंदगी भर निभाया जाता है। कभी नोकझोंक, कभी प्यार, तो कभी चुपचाप बिना किसी शर्त के साथ वादा निभाने की कहानी ही बहनों के रिश्ते की असली खूबसूरती है। सन नियो अपने नए शो 'सत्या साची' के साथ ऐसी ही दिल छू लेने वाली कहानी प्रस्तुत कर रहा है। आनंदिता साहू (सत्या का किरदार) और भाग्यश्री मिश्रा (साची का किरदार) द्वारा निभाए गए इन किरदारों के जरिए 'सत्या साची'- प्यार, त्याग और सच्चे रिश्तों की ताकत को खूबसूरती से बयां करते हैं।

एक ऐसी कहानी जो महिला सशक्तिकरण और दो बहनों के अटूट बंधन को प्रदर्शित करती है। प्रयागराज की पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी सत्या साची नामक दो बहनों की जीवन यात्रा को दशार्ती है, जो एक साधारण किसान परिवार में जन्मी हैं। मुश्किलों से भरी ज़िंदगी के बावजूद उन्होंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी। अपनी मां से किया वादा ह्लहमेशा एक-दूसरे की रक्षा करनाह्व यही उनकी ज़िंदगी का सबसे बड़ा आधार बन जाता है। सत्या निडर, बेबाक और अपनी तकदीर खुद लिखने में विश्वास रखती है, जबकि साची भावुक, कोमल और किस्मत पर भरोसा करने वाली है। जब किस्मत उन्हें एक संपन्न लेकिन परंपरागत परिवार के दो बेटों से मिलवाती है, तब उनका रिश्ता और मां से किया वादा यह दोनों सबसे कठिन परीक्षा से गुजरता है। अपने किरदार और शो को लेकर उत्साह साझा करते हुए भाग्यश्री मिश्रा (साची) कहती हैं, मैं सत्या-साची शो को लेकर बहुत उत्साहित हूं क्योंकि ये सिर्फ एक टीवी ड्रामा नहीं है, बल्कि एक ऐसी कहानी है, जिससे हर वो इंसान जुड़ पाएगा जिसके पास भाई या बहन है।

हम सभी का अपने भाई-बहन के साथ एक खास रिश्ता होता है, लेकिन ये शो उस रिश्ते को एक नए स्तर पर लेकर जाता है। इसमें दिखाया गया है कि दो बहनें एक-दूसरे के लिए कितनी दूर तक जा सकती हैं। साची का किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है - वो कोमल है, भावुक है और मानती है कि प्यार और विश्वास हर घाव को भर सकता है। वहीं सत्या के किरदार में नजर आने वाली अनंदिता साहू कहती हैं, सत्या के किरदार के जरिए मुझे वो रिश्ता महसूस करने का मौका मिला है, जिसकी कमी मैंने अपनी ज़िंदगी में हमेशा महसूस की है। अपने करियर की शुरूआत से ही मैं ऐसा रोल करना चाहती थी जो सच्चा और लोगों के दिल को छूने वाला हो और 'सत्या साची' शो ने मुझे वो खूबसूरत मौका दिया है।

# ताजमहल की मिल्कियत पर सवाल उठाती है 'द ताज स्टोरी'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- कलाकार–परेश रावल, जाकिर हुसैन, नमिता दास
- निर्देशक– तुषार

**रेटिंग-4/5**

**लखनऊ।** साल 1963 में रिलीज हुई फिल्म ताजमहल का एक प्रसिद्ध गीत है कि 'जमीं भी तेरी हैं हम भी तेरे, यह मिलकियत का सवाल क्या है...।' फिल्म द ताज स्टोरी विश्व धरोहर और दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल की मिलकियत पर सवाल उठाती है। इतिहास की किताबों में जिक्र है कि उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित ताजमहल को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट शाहजहां ने अपनी दूसरी बेगम मुमताज महल की याद में बनवाया था, भीतर उनका मकबरा भी है। लेकिन फिल्म सवाल उठाती है कि ताजमहल को शाहजहां ने नहीं बनवाया है।

फिल्म की कहानी साल 1959 में आगरा से शुरू होती है। ताजमहल के निचले हिस्से में मरम्मत का काम चल रहा होता है। दीवार की एक दरार को दुरुस्त करने के लिए जैसी ही ईंटें निकाली जाती हैं, उसे पीछे की चीजें देखकर वहां मौजूद लोगों के होश उड़ जाते हैं। कहानी वहां से साल 2023 में आती है। विष्णु दास (परेश रावल) और उसका बेटा अविनाश (नमित दास) ताजमहल में गाइड का काम करते हैं। विष्णु गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ने वाला होता है। अमेरिकन डाक्यूमेंट्री के लिए एक इंटरव्यू देते वक्त जब उससे ताजमहल के निचले हिस्से में बने कमरों का सच पूछा जाता है, तो वह ऐसे किसी बात से इनकार करता है। हालांकि, वह भीतर से जानता है कि उनके पीछे कोई राज है। नशे की हालत में वह कहता है कि ताजमहल का डीएनए टेस्ट करना चाहिए। विष्णु का वीडियो वायरल हो जाता है। गाइड असोसिएशन उसके खिलाफ हो जाते हैं। मामला अदालत तक पहुंच जाता है। विष्णु सरकार, शिक्षा विभाग से लेकर पुरातत्व विभाग तक सब पर याचिका दायर करता है। कहानी फिल्म के निर्देशक तुषार ने ही लिखी है। उन्होंने भले ही शुरूआत में ही बता दिया हो कि यह काल्पनिक कहानी है, लेकिन फिल्म के अंत में कुछ अखबारों की लेखों द्वारा उन्होंने कई याचिकाओं का जिक्र कर फिल्म की कहानी को एक आधार देने का प्रयास किया है। उन याचिकाओं में ताजहमल को कभी मंदिर घोषित करने, कभी वहां जलाभिषेक और आरती करने, तो कभी 22 कमरों में देवी-देवताओं की मूर्तियां होने की आशंकाओं और इस्लामिक गतिविधियों को रोकने का जिक्र है। जिनमें से कई याचिकाएं विचाराधीन और लंबित हैं। उन्होंने यही चतुराई फिल्म के अंत में भी दिखाई है, जहां इस फिल्म को किसी एक धर्म की तरफ न करके संतुलित कर दिया गया है। कुछ सवाल जरूर उठाए हैं, लेकिन ताजमहल के विश्व धरोहर होने के सम्मान और पर्यटकों के लिए उसकी अहमियत को प्रतिपक्षी वकील द्वारा संभाला भी गया है। फिल्म की पटकथा और संवाद तुषार के साथ सौरभ एम पांडे ने लिखी है। स्क्रीनप्ले बांधे रखता है। भारत की रग रग में सनातन है..., ताजमहल का इतिहास जिस तरह से पढ़ाया जा रहा है, उसमें सच्चाई कम ग्लैमर ज्यादा है..., किसी को लवर ब्वॉय बना दिया किसी के नाम के आगे द ग्रेट लिख दिया गया..., हम कतई नहीं चाहते हैं कि ताजमहल को खरोच भी पहुंचे, हर समस्या का हल तोड़ने तुड़वाने से नहीं निकलता है, हम इतना चाहते हैं कि स्वीकार करें कि एक हिंदू महल को मकबरे में तब्दील किया गया था जैसे संवाद दमदार हैं। फिल्म में कई सवाल भी उठाए गए हैं कि इतिहास के पाठ्यक्रम में हिंदू शूरवीर राजाओं का जिक्र कम क्यों कम, मुगलों के बारे में क्यों नहीं बताया गया है कि उन्होंने कितने लाखों लोगों को मारा, हजारों मंदिर तोड़े, ताजमहल के भीतर मुमताज की दो कब्रें क्यों हैं, गुंबद बनाने की प्रेरणा कहां से मिली, तहखानों में मौजूद 22 कमरों को क्यों चुनवा दिया गया, ऐसा करते समय कोई तस्वीर या वीडियो क्यों नहीं बनाई गई। हालांकि, इनमें से किसी भी सवाल का जवाब अंत तक नहीं मिलता है। वहीं कुछ कमियां भी हैं, जैसे विष्णु जैसे आम व्यक्ति का सबूत आसानी से इकठ्ठा कर लेना खटकता भी है, उसके परिवार पर हमला होता है, लेकिन उस पर नहीं। खैर, इन सबके बीच भी अदालत की जिरह बांधे रखती है। हिमांशु एम तिवारी ने चुस्त संपादन किया है।

# सुहानी चांदनी रातें हमें सोने नहीं देती...

- यूपी दर्शन उत्सव में बॉलीवुड गीतों ने समां बांधा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** यूपी दर्शन उत्सव जो यूपी दर्शन पार्क गोमती नगर लखनऊ में चल रहा है .प्रगति इवेंट और जिंग संस्था के तत्वावधान मैं 20 नवंबर तक चलेगा आरोही एंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम ने दर्शकों को सुरों की एक यादगार यात्रा पर ले गया।

कार्यक्रम के ऑगेनाईजर एवं प्रमुख गायक संजय श्रीवास्तव ने अपनी मधुर आवाज से सभी का दिल जीत लिया। संध्या की शुरूआत संजय श्रीवास्तव ने गीत नजर के सामने जिगर के पास... से की, जिसके बाद उनका अगला प्रस्तुतीकरण मुकेश के गीत सुहानी चाँदनी रातें हमें सोने नहीं देती... रहा, जिसे श्रोताओं ने तालियों से सराहा। इसके बाद सिंगर कोमल ने अपने सुरों से जादू बिखेरते हुए ये मुलाकात एक बहाना है और मेरे नसीब में तू है कि नहीं जैसे लोकप्रिय गीत गाए।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा संजय और कोमल का युगल गीत ए मेरे हमसफर, एक जरा इंतजार, जिसने पूरे वातावरण को रोमांटिक बना दिया। संगीतमय शाम का समापन गायक जावेद गोरी के गीत अब दवा की जरूरत नहीं से हुआ, जिसने दर्शकों के बीच जोश और उत्साह भर दिया। यूपी उत्सव महोत्सव में आज विशेष रूप से मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति डिप्टी डायरेक्टर सूचना एवं फिल्म बंधु के सचिव दिनेश सहगल एवं प्रसिद्ध फिल्म डायरेक्टर प्रोड्यूसर डॉक्टर अनीता सहगल ने उपस्थित होकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी संस्था के उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने दिनश सहगल को तथा डॉक्टर अनीता सहगल को प्रिया सिंह ने राम नामी दुपट पहनकर सम्मानित किया संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने आगामी अवध महोत्सव एवं भारत महोत्सव के संबंध में सभी को आमंत्रित किया और महोत्सव के संबंध में जानकारी दी तथा मुख्य अतिथि का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक संध्या में प्रगति इवेंट के मंच से अपराजिता साहित्यिक सांस्कृतिक नेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से अनुपम श्रीवास्तव निर्देशन में रश्मि सिंह के कोऑर्डिनेशन में अर्चना सक्सेना ने अपनी जबरदस्त परफॉर्मेंस से उपस्थित सभी लोग का मन मोह लिया।

# लखनऊ में ब्रजेश पाठक ने लखनऊ-सहारनपुर नई वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत के आधुनिक रेल बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर लखनऊ जं.-सहारनपुर वंदे भारत के शुभारम्भ के अवसर पर लखनऊ जं. स्टेशन पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव,विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी एवं महापौर, लखनऊ सुषमा खरकवाल और सीतापुर स्टेशन पर राज्य मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन राकेश राठौर, विधायक, सिधौली मनीष रावत, अध्यक्ष नगर पालिका नेहा अवस्थी तथा जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

चार नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाना, विश्वस्तरीय रेल सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को आसान, तेज और अधिक आरामदायक यात्रा प्रदान करने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने में एक प्रमुख उपलब्धि है। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एनार्कुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच यात्रा के समय को उल्लेखनीय रूप से कम करके ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता को बढ़ाएंगी, पर्यटन को बढ़ावा देंगी और देश भर में आर्थिक गतिविधियों का समर्थन करेंगी।

बनारस-खजुराहो वंदे भारत इस मार्ग पर सीधा संपर्क स्थापित करेगी और वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। यह संपर्क न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को मजबूत करेगा, बल्कि तीर्थयात्रियों और यात्रियों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक तेज, आधुनिक और आरामदायक यात्रा भी प्रदान करेगा। लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत लगभग 7 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जिससे यात्रा का लगभग 1 घंटा समय बचेगा। लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस से लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को बहुत लाभ होगा, साथ ही रुड़की होते हुए पवित्र नगरी हरिद्वार तक पहुँच में भी सुधार होगा। मध्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सुगम और तेज अंतर-शहरी यात्रा सुनिश्चित करके, यह सेवा कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत इस रूट पर सबसे तेज चलने वाली ट्रेन होगी, जो मात्र 6 घंटे 40 मिनट में यात्रा पूरी करेगी। फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस राष्ट्रीय राजधानी और पंजाब के प्रमुख शहरों, जिनमें फिरोजपुर, बठिण्डा और पटियाला शामिल हैं, के बीच संपर्क को मजबूत करेगी। इस ट्रेन से व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलने, सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान और राष्ट्रीय बाजारों के साथ अधिक एकीकरण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। दक्षिण भारत में, एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत यात्रा के समय को 2 घंटे से अधिक कम कर देगी, जिससे यात्रा 8 घंटे 40 मिनट में पूरी होगी। एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस प्रमुख आईटी और वाणिज्यिक केन्द्रों को जोड़ेगी, जिससे पेशेवरों, छात्रों और पर्यटकों को तेज और अधिक आरामदायक यात्रा विकल्प मिलेगा।

यह मार्ग केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच अधिक आर्थिक गतिविधि और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ क्षेत्रीय विकास और सहयोग को बढ़ावा देगा।

## यूपी की आर्थिक स्थिति में तेजी से बदलाव हो रहा

### भाषा विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में जी20 की घोषणा के संदर्भ में भारतीय युवाओं को ऊजार्वान बनानाः उभरतें मुद्दे, चुनौतियां और उपाय विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन हुआ। इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर) द्वारा पोषित सेमिनार की अध्यक्षता भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की। समापन सत्र में मुख्य अतिथि निदेशक गिरी इंस्टिट्यूट प्रो. हर्ष शर्मा और विशिष्ट अतिथि कालीचरण पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. वीएन मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेमिनार में तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की।

मुख्य अतिथि प्रो. हर्ष शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति में तेजी से बदलाव हो रहा है और इसमें प्रदेश के युवाओं को आगे बढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। जी20 कार्यक्रम की मेजबानी भारत के विकसित देश बनने की दिशा में आने वाली चुनौतियों से पार पाना है। जीवन हमारा प्रकृति और संसाधनों के उपयोग चला करता था। आज के समय में हम दोबारा से उन्हीं नैतिक मूल्यों को अपनाना होगा, जिससे सतत विकास के साथ विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत के युवाओं को सक्षम बनाने वाली नीति है। जो हमारे युवाओं के लिए भविष्य की दिशा को तय करने वाली है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य कालीचरण प्रो. वीएन मिश्रा ने कहा कि देश में 27 फीसदी युवाओं की आबादी नौकरी पेशा श्रेणी में आती है। हमें उनकी योग्यता के मुताबिक उन्हें जिम्मेदारी देनी होगी। ऐसे में युवाओं के कंधों पर जिम्मेदारी की वो राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं साथ ही जनसंख्या संतुलन को बनाए रखे।

## स्टेनोग्राफर्स संघ के अध्यक्ष बने अरुण कुमार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग स्टेनोग्राफर्स संघ का चुनाव शनिवार को किया गया जिसमें अरुण कुमार यादव को अध्यक्ष, अनमोल कुमार को प्रदेश महामंत्री, सोईल हसन प्रदेश उपाध्यक्ष, मोहम्मद नसर हाशमी प्रदेश सचिव, रवि कान्त प्रदेश कोषध्यक्ष निर्वाचित किये गये। अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि संघ से जुड़े सभी कर्मचारियों की मांग को पूरा कराने का प्रयास किया जायेगा। वर्षो से जो मांग पूरी नही हो रही है उसे पूरा करने का प्रयास भी किया जायेगा।

## लविवि में चला हरित व स्वच्छ परिसर अभियान




**लखनऊ।** लविवि के शिक्षाशास्त्र विभाग में पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत हरित व स्वच्छ लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर विषय पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरणीय चेतना जागृत करना तथा विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ और हरित बनाना था। कार्यक्रम की शुरूआत विभाग परिसर में पौधरोपण से हुई, जिसमें बीएड और एमएड के छात्रों ने पौधे लगाए। इस अवसर पर छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। इसके बाद परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें छात्रों ने गेट नंबर 2 से लेकर राजनीतिक विज्ञान विभाग तक फैले परिसर में सफाई की और कचरे को एकत्र कर उचित स्थान पर निस्तारित किया। इस अभियान ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जागरूकता मार्च रहा, जो शिक्षा संकाय से शुरू होकर गेट नंबर 2 , राजनीतिकशास्त्र विभाग होते हुए पूरे परिसर में निकाला गया। छात्रों ने हाथों में स्लोगन और पोस्टर लिए हुए पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए। इस संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षाशास्त्र विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार के नेतृत्व में हुआ, जबकि कार्यक्रम संयोजक डॉ. हेमेन्द्र कुमार सिंह ने आयोजन की रूपरेखा तैयार की और छात्रों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## आईईटी में धूमधाम से मनाया गया सांस्कृतिक समारोह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परमार्थ, आईईटी लखनऊ का सामाजिक क्लब, 2025 में 10 वर्ष की सफल यात्रा पूरी–सांस्कृतिक समारोह में गणेश वंदना, दशक यात्रा का वीडियो और शानदार प्रस्तुतियों से बंधा समा

इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ के सामाजिक क्लब परमार्थ ने वर्ष 2025 में अपनी 10 वर्षों की स्थापना पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम संस्थान निदेशक प्रो. विनीत कंसल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जबकि पूरे समारोह का समन्वयन फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. अजय कुमार शर्मा और डॉ. पवन कुमार तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अमितेश पांडे, अभिषेक नागर, डॉ. मानिक चंद्रा, तथा आईईटी एल्युमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजनी कुमार श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह की शुरूआत मंगलाचरण के रूप में गणेश वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय और शांतिमय बना दिया। इसके बाद परमार्थ की 10 वर्षों की सामाजिक यात्रा को दर्शाने वाला एक भावपूर्ण वीडियो प्रस्तुत किया गया। इस वीडियो में क्लब के प्रमुख कार्यों–वंचित बच्चों की शिक्षा, पुस्तक एवं वस्त्र वितरण, आरटीई के तहत प्रवेश में सहयोग तथा जेएनवी और श्रेष्ठा जैसी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन–का विस्तृत वर्णन था। वीडियो प्रस्तुति ने न केवल उपलब्धियों को दिखाया, बल्कि उन अनगिनत जीवनों को भी उजागर किया जिन्हें परमार्थ ने वर्षों में स्पर्श किया है।



वीडियो के बाद शुरू हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसमें परमार्थ के स्वयंसेवकों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। ऊजार्वान नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया, जबकि मधुर गायन ने कार्यक्रम में भावनात्मक गहराई जोड़ी। शाम का मुख्य आकर्षण था नाट्य मंचन, जिसमें सामाजिक मुद्दों को प्रभावशाली संवादों और उत्कृष्ट अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। दर्शक न सिर्फ मनोरंजन हुए बल्कि समाज के प्रति जागरूक भी बने। अतिथियों ने परमार्थ की दशकभर की सफल यात्रा की सराहना की और क्लब के निरंतर सामाजिक योगदान की प्रशंसा की। 10वीं वर्षगांठ का यह आयोजन न केवल उत्सव था बल्कि आईईटी लखनऊ के छात्रों के समर्पण, सहयोग और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक भी था।

## पहले रिश्तों का मोल था, आज मोल के रिश्ते.. सुनाकर तालियां बटोरी

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित हिन्दी मीडिया सेंटर में युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच प्रदेश इकाई की राज्य कार्यकारणी समीक्षा बैठक व काव्यगोष्ठी हुई। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह श्रेयस ने विगत तीन वर्षों की उपलब्धियां गिनाई। नंदकिशोर वर्मा जलदूत ने नदियां जीवन दायिनी, जल का यह भंडार, बिन पानी जीवन नहीं, न बिन नदियां उद्धार.., अमेठी के अरुण सिंह ने पहले रिश्तों का मोल था, आज मोल के रिश्ते हैं.., अनिल मौर्य सचित्र ने किसी की डोली उठ गई, किसी का श्रृंगार जल गया, कहीं किरण प्रबल हुई, किसी का सूर्य ढल गया.. सुनाई। डॉ. सुभाष चंद रसिया ने मिल जाए पिता का साया, तूफानों से मै लड़ जाऊं, डॉ. अवधी हरि ने नदी कुएं से आ गया, बोतल में अब नीर, कल देखो कैसी रहे, पानी की तकदीर.., राम सनेही विश्वकर्मा सजल ने खूबसूरत है मौसम यहां, आओ तन मन यहां जोड़ लें.. सुनाकर तालियां बटोरी। डॉ. जय प्रकाश तिवारी ने इतनी सी ही पहचान मेरी, परिचय इतना ही मै जनता हूं, जन्म लिया जिस मिट्टी में, मां उसको ही मैं कहता हूं.. से देशभक्ति माहौल बनाया। श्वेतांक सिंह ने हम लोगों ने नदियों को लीलना शुरू किया, अब वही नदियां हमे लीलती जा रही हैं.., राम राज भारती ने तांबा पीतल फूल गुम, चली फाइबर थाल, रिश्ते सब बौने बने, याद रही ससुराल सुनाई।

## महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया आलमनगर वार्ड में सड़क का लोकार्पण



**लखनऊ।** भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भारत सरकार रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से पश्चिम विधानसभा के आलमनगर वार्ड में जलालपुर संतोषी माता मंदिर वाली सड़क लंबाई लगभग 300 मीटर का लोकार्पण किया गया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ में चौमुखी विकास तेज गति से किया जा रहा है। सभी वार्डो में आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। लखनऊ महानगर में 105 किलोमीटर आउटर रिंग रोड, अत्याधुनिक गोमती नगर स्टेशन, अमौसी का टी3 टर्मिनल, एक दर्जन से अधिक फ्लाईओवर का कार्य किया जा चुका है और एक दर्जन से अधिक फ्लाईओवर के काम पाइपलाइन में चल रहे हैं। केंद्र की मोदी एवं राज्य की योगी की सरकार के कारण ही स्वर्णिम विकास कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद रेखा सिंह, पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष सोमेंद्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, देवेश मिश्रा, अंकित उपाध्याय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चिनहट स्थित एमसीएच विंग का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**लखनऊ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह ने शनिवार को चिनहट के महिला एवं बाल चिकित्सालय (एम सी एच) विंग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ओपीडी, वार्ड, ओटी, उपस्थिति रजिस्टर तथा अन्य रजिस्टर व रिकॉर्ड देखे। तीन कर्मचारियों के अनुपस्थित होने पर उनका स्पष्टीकरण मांगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अस्पताल में साफ सफाई पर ध्यान दें। एएनएम, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता क्षेत्रीय जनता को अस्पताल में मिलने वाली सेवाओं की जानकारी दें जिससे यहां पर प्रसव में बढ़ोत्तरी हो। मातृ एवं बाल स्वास्थ्य को लेकर जो भी सेवाएं एमसीएच विंग में उपलब्ध हैं उनका व्यापक प्रचार प्रसार करें जिससे कि अधिक से अधिक लोग इनका सेवाओं का लाभ उठा पाएं। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ मौजूद रहा। आपको बताते चलें कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर महिला आरोग्य समिति के दो दिवसीय प्रशिक्षण के 50वें बैच का समापन शुक्रवार को हुआ जिसमें कुल 32 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## महिला किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और प्रभावी कदम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन मे प्रदेश मे महिला सशक्तिकरण व स्वावलम्बन की दिशा मे ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ठोस व प्रभावी कदम उठाये गये हैं। इसी कड़ी मे महिला किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और राज्य में महिला किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओएस) को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भूस्वामिनी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड (राज्य स्तरीय संघ-एसएलएफ) के नए राज्य स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन संयुक्त मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन प्रवीणानंद द्वारा किया गया। यह कार्यालय 4/196, विवेक खंड, गोमती नगर, लखनऊ में स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर एसएलएफ सभी 10 निदेशकगण एवं प्रमोटर सदस्य, राज्य परियोजना प्रबंधक (यूपीएसआरएलएम) सत्यजीत शुक्ला, एनएएफपीओ से वैशाली गीते, तथा ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

- **भूस्वामिनी राज्य स्तरीय महिला किसान उत्पादक संगठन का गोमती नगर लखनऊ में हुआ राज्य स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन**

प्रवीणानंद ने अपने संबोधन में कहा कि भूस्वामिनी पहल महिला किसानों की आर्थिक स्वतंत्रता और कृषि आधारित उद्यमिता को नई दिशा देगी। यह पहल आने वाले वर्ष में लगभग 70,000 स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 'लखपति दीदी' बनने की राह पर समर्थन प्रदान करने में सक्षम है।

उद्घाटन के उपरांत, निदेशकों और फार्म प्रॉस्पेरिटी एडवाइजर्स के लिए एक प्रशिक्षण एवं ओरिएंटेशन कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य आगामी वित्तीय वर्ष में 50 करोड़ के वार्षिक कारोबार के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करना था। कार्यशाला में व्यवसाय योजना, बाजार से जुड़ाव, वित्तीय प्रबंधन, ब्रांडिंग और उत्पादन-विपणन रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में एनएएफपीओ, सीएम युवा योजना से जुड़े सीएम फेलो, तथा गेम के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने महिला किसान उत्पादक संगठनों को सशक्त बनाने से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

यूपीएसआरएलएम के सहयोग एवं इसकी तकनीकी सहयोगी संस्था टेरिफ के समर्थन से स्थापित, भूस्वामिनी राज्य स्तरीय संघ का उद्देश्य '10एलओके एफपीओ प्रमोशन योजना' के अंतर्गत गठित 70 से अधिक महिला एफपीओ को बहुआयामी सहयोग प्रदान करना है। यह संघ बाजार जुड़ाव, वित्तीय संपर्क, क्षमता निर्माण, अनुपालन, सरकारी योजनाओं से एकीकरण, तथा मूल्य श्रृंखला संवर्धन जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के दौरान निदेशक मंडल ने सामूहिक रूप से आगामी वर्ष के लिए अपनी कार्ययोजना तैयार की, जिसमें उत्पाद विविधीकरण, बाजार विस्तार, ब्रांडिंग, मूल्य श्रृंखला विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन पर विशेष बल दिया गया। लखनऊ में भूस्वामिनी रछत्रकार्यालय की स्थापना महिलाओं के नेतृत्व में कृषि उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह मंच राज्यभर की महिला किसान उत्पादक कंपनियों को एक साझा दिशा प्रदान करेगा, जिससे वे सामूहिक रूप से ₹लखपति दीदी₹ लक्ष्य की प्राप्ति में योगदान दे सकेंगी।

## जगदीश्वरम विहार जन कल्याण समिति की नयी कार्यकारिणी गठित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जगदीश्वरम विहार जन कल्याण समिति, लखनऊ की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी को समिति का मुख्य संरक्षक, तथा आर.एस. शाक्य को संरक्षक मनोनीत किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर विजय शंकर पांडेय निर्वाचित हुए। संगठन की एकजुटता और सक्रियता को देखते हुए अनुपम सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा अरविन्द कुमार शुक्ला, पी.एन. सिंह और आलोक तिवारी को उपाध्यक्ष बनाया गया।

संगठन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राजकिशोर गुप्ता को संगठन मंत्री, तथा प्रभाकर तिवारी, प्रकाश श्रीवास्तव, सरेश गुप्ता और राजेश शर्मा को मंत्री नियुक्त किया गया। वित्तीय अनुशासन की जिम्मेदारी अवधेश त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष के रूप में सौंपी गई, जबकि महामंत्री राघवेन्द्र मिश्रा को महामंत्री बनाया गया।

- **मुख्य संरक्षक बने पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी, अध्यक्ष हुए विजय शंकर पांडेय**

मीडिया प्रभारी का दायित्व श्री रमेश यादव को दिया गया। मुख्य संरक्षक अविनाश त्रिवेदी ने कहा कि समिति का उद्देश्य समाज में एकता, विकास और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, हम सबका लक्ष्य क्षेत्र के विकास के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द बढ़ाना है। सभी सदस्यों का सामूहिक प्रयास ही हमारी शक्ति है।

अध्यक्ष विजय शंकर पांडेय ने कहा कि नई कार्यकारिणी क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहेगी और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुपम सिंह ने कहा कि समिति हर नागरिक की सहभागिता से जगदीश्वरम विहार को एक आदर्श कालोनी के रूप में स्थापित करने का संकल्प लेती है।

# छपरा-एलटीटी के बीच तीन अलग-अलग तिथियों में चलेंगी स्पेशल रेलगाड़ियां

### वाया गोरखपुर और लखनऊ होकर चलेंगी यह तीनों ट्रेनें, मुंबई जाने वाले यात्रियों को होगा काफी लाभ, मिलेंगी कंफर्म टिकटें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** छठ महापर्व के पश्चात यात्रियों की वापसी यात्रा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा 05093/05094 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा वाया गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 09 नवम्बर को तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 11 नवम्बर को किया जायेगा।

05093 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी 09 नवम्बर को छपरा से 22.45 बजे प्रस्थान कर सीवान से 23.55 बजे, दूसरे दिन देवरिया सदर से 01.10 बजे, गोरखपुर से 02.25 बजे, बस्ती से 03.37 बजे, गोंडा से 05.00 बजे, गोमती नगर से 07.35 बजे, बादशाहनगर से 08.10 बजे ऐशबाग से 08.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 10.55 बजे, उरई से 13.20 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 16.20 बजे, बीना से 19.35 बजे, रानी कमलापति से 22.25 बजे, तीसरे दिन इटारसी से 00.12 बजे, खंडवा से 02.42 बजे, भुसावल से 04.45 बजे, नासिक रोड से 08.15 बजे, इगतपुरी से 09.35 बजे तथा कल्याण से 11.08 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 12.00 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 05094 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा पूजा विशेष गाड़ी 11 नवम्बर, को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14.00 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 14.45 बजे, इगतपुरी से 17.10 बजे, नासिक रोड से 17.42 बजे, भुसावल से 21.50 बजे, दूसरे दिन खंडवा से 00.40 बजे, इटारसी से 03.25 बजे, रानी कमलापति से 05.40 बजे, बीना से 07.45 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 09.55 बजे, उरई से 11.07 बजे, कानपुर सेंट्रल से 14.05 बजे, ऐशबाग से 15.45 बजे, बादशाहनगर से 16.12 बजे, गोमती नगर से 16.55 बजे, गोंडा से 19.25 बजे, बस्ती से 20.45 बजे, गोरखपुर से 22.05 बजे, देवरिया सदर से 23.25 बजे तथा तीसरे दिन सीवान से 00.40 बजे छूटकर छपरा 01.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जेनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 08 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 05095/05096 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा वाया गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 10 नवम्बर को तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12 नवम्बर को किया जायेगा। 05095 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी 10 नवम्बर को छपरा से 22.45 बजे प्रस्थान कर सीवान से 23.55 बजे, दूसरे दिन देवरिया सदर से 01.10 बजे, गोरखपुर से 02.25 बजे, बस्ती से 03.37 बजे, गोंडा से 05.00 बजे, गोमती नगर से 07.35 बजे, बादशाहनगर से 08.10 बजे ऐशबाग से 08.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 10.55 बजे, उरई से 13.20 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 16.20 बजे, बीना से 19.35 बजे, रानी कमलापति से 22.25 बजे, तीसरे दिन इटारसी से 00.12 बजे, खंडवा से 02.42 बजे, भुसावल से 04.45 बजे, नासिक रोड से 08.15 बजे, इगतपुरी से 09.35 बजे तथा कल्याण से 11.08 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 12.00 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 05096 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा पूजा विशेष गाड़ी 12 नवम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14.00 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 14.45 बजे, इगतपुरी से 17.10 बजे, नासिक रोड से 17.42 बजे, भुसावल से 21.50 बजे, दूसरे दिन खंडवा से 00.40 बजे, इटारसी से 03.25 बजे, रानी कमलापति से 05.40 बजे, बीना से 07.45 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 09.55 बजे, उरई से 11.07 बजे, कानपुर सेंट्रल से 14.05 बजे, ऐशबाग से 15.45 बजे, बादशाहनगर से 16.12 बजे, गोमती नगर से 16.55 बजे, गोंडा से 19.25 बजे, बस्ती से 20.45 बजे, गोरखपुर से 22.05 बजे, देवरिया सदर से 23.25 बजे तथा तीसरे दिन सीवान से 00.40 बजे छूटकर छपरा 01.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जेनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, शयनयान श्रेणी के 04, सामान्य द्वितीय श्रेणी/कुसीर्यान के 04 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 12 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। इसी क्रम में 05097/05098 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा वाया गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 11 नवम्बर को तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 13 नवम्बर को किया जायेगा।

05097 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी 11 नवम्बर को छपरा से 22.45 बजे प्रस्थान कर सीवान से 23.55 बजे, दूसरे दिन देवरिया सदर से 01.10 बजे, गोरखपुर से 02.25 बजे, बस्ती से 03.37 बजे, गोंडा से 05.00 बजे, गोमती नगर से 07.35 बजे, बादशाहनगर से 08.10 बजे ऐशबाग से 08.55 बजे, कानपुर सेंट्रल से 10.55 बजे, उरई से 13.20 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 16.20 बजे, बीना से 19.35 बजे, रानी कमलापति से 22.25 बजे, तीसरे दिन इटारसी से 00.12 बजे, खंडवा से 02.42 बजे, भुसावल से 04.45 बजे, नासिक रोड से 08.15 बजे, इगतपुरी से 09.35 बजे तथा कल्याण से 11.08 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 12.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05098 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा पूजा विशेष गाड़ी 13 नवम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14.00 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 14.45 बजे, इगतपुरी से 17.10 बजे, नासिक रोड से 17.42 बजे, भुसावल से 21.50 बजे, दूसरे दिन खंडवा से 00.40 बजे, इटारसी से 03.25 बजे, रानी कमलापति से 05.40 बजे, बीना से 07.45 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) से 09.55 बजे, उरई से 11.07 बजे, कानपुर सेंट्रल से 14.05 बजे, ऐशबाग से 15.45 बजे, बादशाहनगर से 16.12 बजे, गोमती नगर से 16.55 बजे, गोंडा से 19.25 बजे, बस्ती से 20.45 बजे, गोरखपुर से 22.05 बजे, देवरिया सदर से 23.25 बजे तथा तीसरे दिन सीवान से 00.40 बजे छूटकर छपरा 01.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जेनरेटर सह लगेज यान का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी/कुर्सीयान के 04, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 10, शयनयान श्रेणी के 04 तथा एलएसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

संक्षेप

## युवक यमुना में डूबा तलाश जारी

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के यमुना घाट पर शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब अंतिम संस्कार में शामिल हुआ युवक स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की मदद से देर शाम तक तलाश अभियान जारी रहा, मगर समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था। जानकारी के अनुसार, किशनपुर कस्बा निवासी भूपेंद्र सिंह (35 वर्ष) पुत्र महेंद्र सिंह शुक्रवार को अपने पड़ोसी के परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए यमुना घाट गया था। संस्कार पूर्ण होने के बाद वह अन्य ग्रामीणों के साथ यमुना में स्नान करने लगा। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में समा गया। देखते ही देखते घाट पर चीख-पुकार मच गई ग्रामीणों ने तत्काल गोताखोरों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने यमुना में उतरकर तलाश शुरू की। वहीं परिजनों के घाट पहुंचते ही कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों को देख घाट का माहौल गमगीन हो गया। थाना प्रभारी किशनपुर सत्यदेव गौतम ने बताया कि हुअंतिम संस्कार के दौरान स्नान करते समय युवक यमुना में डूब गया है। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही युवक को ढूंढ लिया जाएगा। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण घाट पर जमा हो गए। पुलिस ने भीड़ को हटाकर गोताखोरों के लिए जगह बनवाई। देर शाम तक नदी में सर्च अभियान जारी था।

## मौजूदा प्रधान की मौत से मातम

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव (वीओएल)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव सराय अखियारपुर की प्रधान



का आकस्मिक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। उनकी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। क्षेत्र के गांव सराय अखियारपुर की मौजूदा प्रधान निकहत आसमां को अचानक शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ गया। जिनको परिजन उन्हें तुरन्त लेकर कानपुर कार्डियोलाजी अस्पताल ले गये। जहाँ उपचार के चलते रात तीन बजे प्रधान की मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही गांव पहुँची तो मातम छा गया।

## संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर। परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार मंगलवार को राज्य कर विभाग और परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम के अधिकारियों के साथ एक संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पखवारे में एक दिन का संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, जिसमें दोनों विभागों के फील्ड अधिकारी एक साथ कार्रवाई करेंगे। इसी क्रम में गुरुवार रात 11 बजे से 1 बजे तक लखनऊ सीतापुर हाईवे पर संयुक्त अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई यात्री वाहनों में परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए माल ढोया जाता मिला। नियम विरुद्ध संचालन पर कुल छह वाहनों का चालान किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि परिवहन विभाग और राज्यकर विभाग की टीम ने मिलकर अभियान चलाया। अब ऐसे मामलों में दोहरी कार्रवाई होगी। परिवहन विभाग जहां नियम विरुद्ध संचालन पर टैक्स वसूलेगा। वहीं राज्यकर विभाग जीएसटी चोरी पर टैक्स वसूलेगा। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की ओर से एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी और यात्रीकर अधिकारी एम.ए. आब्दीन शामिल रहे। वहीं राज्यकर विभाग की ओर से राज्य कर अधिकारी सौरभ कुमार के नेतृत्व में टीम ने भाग लिया। साथ ही प्रवर्तन दस्ता मौजूद रहा।

# वंदे भारत का सीतापुर में हुआ स्वागत



सीतापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सीतापुर को एक बड़ी सौगात दी है। लखनऊ से रवाना हुई वंदे भारत एक्सप्रेस जब सीतापुर पहुंची तो रेलवे स्टेशन पर उसका भव्य स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, एडीआरएम लखनऊ मण्डल रेलवे नीतू कुमारी सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और सैकड़ों नागरिकों ने फूलमालाओं से ट्रेन का स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद नगर विकास राज्यमंत्री ने सीतापुर से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सहारनपुर के लिए रवाना किया। जानकारी के अनुसार लखनऊ से सहारनपुर के बीच लगभग 560 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन महज 7 घंटे में तय करेगी। यह ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। जिससे यात्रियों को तेज सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। रेलवे ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्टेशन पर कराया। जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे और गौरवान्वित महसूस किया। वंदे भारत ट्रेन की इस नई सौगात से सीतापुर के लोगों में उत्साह देखने को मिला यात्रियों ने सरकार के इस निर्णय को सराहनीय बताया और कहा कि इससे यात्रा समय में भारी कमी आएगी। एडीएम रेलवे नीतू कुमारी ने बताया कि यह ट्रेन फिलहाल ट्रायल रन के तहत चलाई गई है। यात्रियों के लिए नियमित सेवा कब से शुरू होगी। इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रेलवे जल्द ही समय सारिणी तय कर नियमित संचालन शुरू करेगा। इस ट्रेन के शुरू होने से लखनऊ, सीतापुर, बरेली, सहारनपुर समेत कई जिलों के यात्रियों को तेज और आरामदायक सफर का नया अनुभव मिलेगा।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान की डीएम ने संभाली कमान

उन्नाव (वीओएल)। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनपद में चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरण किये जाने के कार्य का विधानसभा सदर के बूथ संख्या 164, मोहल्ला कल्याणी देवी का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ से वितरित किए गए गणना प्रपत्रों सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उपस्थित मतदाताओं को अपने हाथों से गणना प्रपत्र वितरण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची पूर्ण रूप से निष्पक्ष और पारदर्शी और त्रुटि रहित हो इसके लिए किसी भी प्रकार के लापरवाही न किया जाये। कहा की प्रत्येक घर में गणना प्रपत्र पहुंचना चाहिए यदि किसी घर में ताला लगा है तो उसको भी गणना प्रपत्र देना होगा। कहा गणना प्रपत्र न पहुँच पाने पर प्रत्येक बीएलओ को तीन बार मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना होगा। कहा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में कहीं पर भी कोई गड़बड़ी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो। कहा की कार्य में तेजी लाई जाए। शतप्रतिशत मतदाताओं को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करें। निर्देशित किया कि कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो पाए, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए की कोई भी पात्र मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित भी ना रह जाए। इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## जन्मदिन पर विधायक ने सीएचसी में बांटे फल



जिला संवाददाता(vol)

सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर के जन्मदिन अवसर पर विधायको, ग्राम प्रधानो, कार्यकताओं आदि ने हजारों की संख्या में उनके आवास पहुंच फूल माला एवं उपहार देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान देर रात्रि तक उनके आवास पर शुभकामनाएं देने का तांता लगा रहा। इस दौरान विधायक ने सीएचसी में मरीजों को फल भी वितरित किए। विधानसभा सफीपुर से भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर का जन्मदिन अवसर पर उनके सफीपुर स्थित कार्यालय एवं आवास पर अध्यात्म मानस मंडल के हर्ष शुक्ला द्वारा संगीतमई सुंदर की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।

विधायक बंबा लाल दिवाकर के जन्मदिन पर सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता आनंद अवस्थी, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, संतोष मिश्र, सिंपल, जयदीप मिश्र, चेयरमैन प्रतिनिधि ऊगू अनुज दीक्षित, दिलीप लश्करी, हरिशरण लाला, सुभाष सिंह, राजू सिंह चैहन, आशीष कनौजिया, अतुल अग्निहोत्री, अमित कुशवाहा, राम सजीवन विमल, सभासद अभिनव शर्मा, तनय अवस्थी, अनुपम गौड़, लल्ला तिवारी, अनूप सिंह चंदेल, अभिज्ञान त्रिपाठी, लकी रावत, लारेंस वर्मा, प्रिंस द्विवेदी, मलखान सिंह, राहुल सिंह, अशोक विश्वकर्मा, अभिज्ञान तिवारी, राज दिवाकर आदि समेत भारी संख्या में विधानसभा के समर्थक, कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष समेत नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने जन्मदिन के सुअवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में अधीक्षक डॉ0 राम सहोदर, डॉ ब्रजेश सिंह एवं सत्यम पाल की उपस्थित में फल वितरित किए। देर शाम कस्बे के एक रेस्टोरेंट पर आशीष कन्नौजिया के नेतृत्व में विधायक बम्बालाल दिवाकर का जन्मदिन केक काटकर फूल माला एवं उपहार देकर बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर अमित कुशवाहा एवं पत्रकार आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाजपा ने दिया बूथ मजबूती पर जोर

फतेहपुर। आज लोक विहार कॉलोनी में मतदाता गहन पुनरीक्षण रक्फ़ की 240 सदर फतेहपुर विधानसभा की कार्यशाला का आयोजन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र से आये पवन प्रताप सिंह क्षेत्रीय मंत्री व मुख्य वक्ता विक्रम सिंह पूर्व विधायक सदर फतेहपुर मौजूद रहे।

कार्यशाला संयोजक सुशील तिवारी ने मुख्य अतिथि पवन प्रताप सिंह तथा मुख्य वक्ता विक्रम सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यशाला में उपस्थित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पवन प्रताप सिंह क्षेत्रीय मत्री ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से मतदाताओं में गहनता से पुनरीक्षण करने की बात बताई। बताया कि सभी बूथ अध्यक्ष और बी०एल०ए०-2 मिलकर कार्य करें। आपसभी का योगदान ही परिणाम सुन्दर लाता है। भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही प्रथम श्रेणी में रहते है।मुख्य वक्ता विक्रम सिंह पूर्व विधायक ने बूथ प्रवासी नियुक्त समस्त पदाधिकारियों का अलाट बूथ नं एवं उनका बूथ भी देना है। सभी लोग अपने बी०एल०ओ० से मिलकर कार्य करें। अपने अपने मतदान क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगें। घर बंद मिलने पर गणना प्रपत्र स्लिप के रूप में डालेगें। आदि प्रमुख बिन्दुओं में चर्चा की।इस मौके में पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, प्रमोद द्विवेदी, जिला महामंत्री नीरज सिंह, उदय लोधी, जिला उपाध्यक्ष अर्पणा सिंह गौतम, डॉ० शिवप्रसाद त्रिपठी, मण्डल अध्यक्ष रितेश गुप्ता शोल्डी, शिवपूजन तिवारी, संजय श्रीवास्तव, ब्रजेश द्विवेदी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष संजय मोदनवाल, जे०पी० सिंह फौजी, बलराम लोधी, विनोद चंदेल, नरेन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र मौर्य, मंजू शुक्ला, रेखा सरोज, सुनीता चौधरी, कल्पना सिंह, रीनां दीक्षित, बुदन पासवान, ददद् मिश्रा, प्रेम मौर्य, राम सिंह पाल, सुधांशू पाण्डेय, ज्ञाना पासवान, वन्दना द्विवेदी, सुशीला मौर्य, सुनिधि तिवारी, शैलजा सिंह, पुत्तूलाल, सुनील गुप्ता, विक्रम चंदेल, विशाल नेता, सन्तोष पटेल, अभिषेक शुक्ला, दीपेन्द्र यादव समेत सैकडों पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत

सीतापुर। कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम भीखपुर में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर आरोपी को पकड़ लिया। मिली जानकारी अनुसार कोतवाली बिसवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत न्यूराजपुर के मजरे भीखपुर निवासिनी 16 वर्षीय शालिनी चौरसिया पुत्री सियाराम चौरसिया का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे घर के अंदर फांसी की फंदे से लटकता मिला था। जिसमें मृतका के भाई ने गांव का ही युवक महताब पर उसे लगातार प्रताड़ित करने और फोन पर बात करने का तथा जबरन संबंध बनाने का आरोप लगाया था। इस संबंध में शिकायत आरोपी के परिजनों से की गई थी। परिजनों का कहना है कि इसी उत्पीड़न से परेशान होकर युवती ने यह कदम उठाया। मृतका के भाई राहुल चौरसिया ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के अनुसार परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग पाया गया है तथा मृतका के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यशाला संपन्न




फतेहपुर। विधानसभा क्षेत्र के गाजीपुर में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतदान गहन पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा उपस्थित बूथों, शक्तिकेंद्रों सहित असोथर, गाजीपुर व बहुआ मंडल के पदाधिकारियों को आयोग द्वारा संचालित मतदाता गहन पुनरीक्षण (रक्फ़) कार्यक्रम में संगठनात्मक विमर्श व जिम्मेदारियां सौंपी गई।

श्री पाल ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में एसआईआर चलाया गया है, जिसमें बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से बनें मतदाताओं को चिन्हित कर उन्हें बाहर किया गया, स्थानीय विधायक विकास गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि जो लोग दुबई में रह रहे हैं और वोट के समय ही सिर्फ गांव नगर में आते हैं उन्हें बूथ अध्यक्ष व बीएलओ द्वारा बड़ी ही सतर्कता से परख कर वोटर लिस्ट से नाम विलोपित कराने में योगदान देना है, अभियान के जिला संयोजक मनोज मिश्रा ने कहा कि आज संगठन के पास प्रत्येक बूथ पर अध्यक्ष, बीएलओ के साथ ही बूथ समिति है बस सभी को पुनरीक्षण में यथाउचित योगदान देना है, कार्यशाला में अर्चना त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, देवराज सिंह, सुरेश परमार, सुधीर मिश्रा, संजय हाडा, विनोद पांडेय, राम महेश निषाद, निर्मल चौहान, अरिमर्दन सिंह, शिव प्रताप सिंह गौरव सिंह गौतम, राज पांडेय, नीतू तिवारी, साहिल शर्मा, विनोद भारती सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान यूनियन टिकैट गुट की मांग पर अधिकारियों ने स्थल का लिया जायजा



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। मुख्यालय पाटन के अंतर्गत बिहार मौरावां मार्ग पर देवारा मोड के पास स्थित गंगा एक्सप्रेसवे के चैनेज 460$245 में स्लीप मार्ग द्वारा वाहनों के चढ़ने एवं उतारने हेतु मार्ग बनाए जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं द्वारा 15 अक्टूबर से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जो आज 24 वें दिन भी जारी है। किसान यूनियन अपनी उक्त मांग को लेकर धरना प्रदर्शन स्थल पर डटे हैं। धरना स्थल पर पहुंचे यूपीडा के अधिकारियों ने स्थल का जायजा लिया। मांग से संबंधित पत्र बनाकर लखनऊ कार्यालय को प्रेषित किया गया। किंतु सक्षम अधिकारियों द्वारा स्वीकृति अब तक प्रदान नहीं की गई है। गंगा एक्सप्रेसवे पर स्लीप मार्ग का निर्माण हो जाने से बाहर से आने वाले पर्यटकों को बक्सर स्थित राव राम बक्स सिंह के शहीद स्थल, सिद्ध पीठ मां चंडिका अंबिका, अमर शहीद अमर बहादुर सिंह के गांव बजौरा, बैसवारा रेलवे स्टेशन, ग्राम केदारखेड़ा स्थित बाबा तिलोकचंद के किले से बक्सर तक पहुंचने के लिए आसान हो जाएगा।

इस संबंध में यूपीडा के सहायक प्रबंधक शरद मोहन मल्ल से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि यूपीडा के उच्च अधिकारी दीपक कुमार को इस संबंध में जानकारी देने के साथ फाइल बनाकर भेज दी गई है। वहीं सहायक इंजीनियर एम के सिंह ने बताया संबंधित मांग की फाइल बनाकर लखनऊ कार्यालय को भेज दी गई है। शीघ्र ही स्वीकृत होने की उम्मीद है ऐसी जानकारी दी।

### अपनी मांगों को लेकर 24 वें दिन भी बैठे रहे किसान

पाटन। स्लीप मार्ग की मांग को लेकर धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट अपनी हिम्मत हारने का नाम नहीं ले रहे हैं। उनका मानना है कि जब तक मांग पूरी नही हो जाती है धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं करेंगे। जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने कहा कि धरने का शनिवार को 24 वां दिन है। उक्त मांग को लेकर किसानों ने दीपावली का महापर्व तथा कार्तिक पूर्णिमा जैसे त्योहारों को धरना स्थल पर ही मनाया है। अपनी मांग को पूरी होने पर लोगों के साथ खुशी भी यही मनाएंगे।

## समाधान दिवस : 29 शिकायतें आई, दो का किया निस्तारण



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से दो का आपसी सहयोग से मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

प्राप्त शिकायतों में 14 राजस्व संबंधी थीं। जबकि 15 शिकायतें लड़ाई-झगड़े से संबंधित थीं। इसके अतिरिक्त आपसी घरेलू विवाद की दो शिकायतें भी दर्ज की गईं। समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह मौजूद रहे। उन्होंने सभी शिकायतों को समझा और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने भी शिकायतकताओं की समस्याएं सुनीं और हल्का सिपाहियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। राजस्व संबंधी शिकायतों को राजस्व निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने सुना। उन्होंने बताया कि लेखपालों के फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में व्यस्त होने के कारण किसी भी राजस्व मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। हालांकि इन शिकायतों के समाधान के लिए आदेश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह एसआई केसीएम सक्सेना एसआई अमरेश सिंह सोढ़ी और राजस्व निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्थानीय प्रतिभाओं ने मोहा सबका मन

उन्नाव, (वीओएल)। जी आई सी मैदान में 13 दिवसीय विराट बहु आयामी उन्नाव महोत्सव के आठवें दिन कई अकादमी की स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। द सोल ऑफ डांस अकादमी की डायरेक्टर कामना तोलानी और कोरियोग्राफर महेंद्र सिंह ने डांस की तमाम विधाएं पेश कराई। बादशाह मैं बादशाह, छम्मा छम्मा गानों पर ग्रुप डांस में खूब तालियां बजीं। अपशू डांस क्लासेस की डांस गुरु रोज शर्मा के संयोजन



में डांस की कई स्टाइल्स पर प्रतिभाओं ने खूब धमाल मचाया और मेरे महबूब कयामत, राम आएंगे और ऐ मेरे वतन के लोगों गीत सुन मंत्रमुग्ध हुए दर्शक। कॉमेडियन लक्ष्य निगम ने अपने हँसगुल्लों से सबको बड़ी देर तक हंसाया। अंग्रेजी में बड़ा आकर्षक संचालन गरिमा ने किया। दीप प्रज्ज्वलन अध्यक्षा निम्मी अरोड़ा, अध्यक्ष बाबूलाल कनौजिया, प्रबंधक अशोक पटेल शिवा, महोत्सव संयोजक राम सुमेर सिंह, सांस्कृतिक संयोजक डॉ मनीष सिंह सेंगर, उपाध्यक्ष डॉ राजेश सिंह, प्रभारी सुख सागर पटेल, अनिल सिंह फौजी आदि ने किया। समन्वयकों राहुल कश्यप, सैमी वर्मा, शैलू वर्मा, कामना तोलानी, प्रियंका पाल, सतीश शर्मा आदि ने व्यवस्थापन किया। सम्मान प्रकिया का संचालन सांस्कृतिक संयोजक मनीष सिंह सेंगर ने किया और प्रबंधक अशोक पटेल ने सबके प्रति आभार जताया। डॉ सत्यपाल सिंह, समाजसेवी वेद प्रकाश साहू व अनूप चैधरी, बिल्डर शलभ आनंद, डॉ प्रभात सिन्हा, रमेश पटेल, मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, फैज खान, बीनू त्रिवेदी, नितिन गुप्ता, अनुराग मोहन वर्मा विशाल यादव आदि का सहयोग रहा। कलाकारों को आयोजकों ने सम्मानित किया।

## दिग्विजय सिंह देव को सपा का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

सीतापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दो दिन पूर्व समाजवादी छात्रसभा उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने के बाद जिलेभर में बधाइयों का सिलसिला जारी है। दिग्विजय सिंह देव की नियुक्ति को लेकर पार्टी कार्यकताओं और नेताओं में उत्साह और गर्व का माहौल है। दिग्विजय सिंह देव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबी सहयोगी माने जाते हैं और युवाओं के बीच उनकी विशेष लोकप्रियता है। वे छात्र राजनीति से सक्रिय रहे हैं और



संगठन में कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। जिले के समाजवादी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बैठक कर दिग्विजय सिंह देव को बधाई दी और पार्टी कार्यालय में मिठाई बांटी। इस अवसर पर सांसद आनंद भदौरिया, साप एमएलसी जासमीर अंसरी, लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक नरेन्द्र वर्मा, राधेश्याम जायसवाल, जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव, सपा नेता अंकित त्रिवेदी, समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सदीप कश्यप, जिला सचिव संजय चैधरी सहित कई पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह देव का यह दायित्व युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व का यह फैसला संगठन में युवाओं की भूमिका को और मजबूत करेगा। दिग्विजय सिंह देव को मिली जिम्मेदारी से नौजवान कार्यकताओं में नई ऊर्जा और जोश देखने को मिल रहा है।

## महोली पुलिस को मिली सफलता अभियुक्त गिरफ्तार



महोली/सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के द्वारा चलाए गए रोकथाम अपराध व अपराधियों पर लगाए जाने अंकुश के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक जंग बहादुर पांडेय ने शुक्रवार को दीपू उम्र 40 वर्ष पुत्र रामस्वरूप ग्राम कुसैला महोली को गिरफ्तार किया है।जिसके कब्जे से एक आदद नाजायज तमंचा 3 15 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है।अभियुक्त दीपू पर मु०अ०सं० 457/ 25 धारा 25(प्ठ) एए सीटी के तहत पंजीकृत किया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी धीरेंद्र सिंह, आरक्षी पंकज कुमार, अंकित कुमार मौजूद रहे।

## बजरंग मुनि ने हिंदू धर्म को जगाने का काम किया है: मनोज कुमार त्रिवेदी



सीतापुर। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भुईयाताली स्थान पर महंत बजरंगमुनि द्वारा आयोजित मेला कार्यक्रम तृतीय दिवस उद्घाटन अवसर पर महंत बजरंग मुनि महाराज, अभिषेक बेबी गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद, सत्य प्रकाश मिश्रा नि वर्तमान अध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्रा, मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया बीजेपी, भगवती गुप्ता व्यापार मंडल सीतापुर के कर कमल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आये हुए सभी अतिथियों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बजरंगबली महाराज ने कहा कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आए हुए कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करता हूं। आशीर्वाद देता है कार्यक्रम को अभिषेक बेबी गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा नगर पालिका परिषद खैराबाद में विशाल कार्यक्रम में आप सब लोगों का सहयोग रहा है आप सभी लोगों को आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्य प्रकाश मिश्रा नि अध्यक्ष डीसीडीएफ सीतापुर ने कार्यक्रम में पधारे हजारों लोगों खैराबाद क्षेत्र में महंत जी के द्वारा हिंदू धर्म को जगाने का काम किया है। आप सब लोग महाराज जी के बताए रास्ते पर चले। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया बीजेपी सीतापुर ने कहा खैराबाद में संपूर्ण हिंदू समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम महंत जी ने किया है। हिंदू धर्म का झंडा फहराने का काम महंत जी ने किया है। संपूर्ण हिंदू समाज महंत जी का ऋणी है। मंच से सभी लोगों का आवाहन करते हुए सभी लोगों से यह कहा कि आप सब लोग संकल्प लेकर जाएंगे। जब भी हिंदू समाज की कोई बात आएगी तो हम सब लोग एक साथ नजर आएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवती गुप्ता व्यापार मंडल ने कहा कि महाराज जी के द्वारा हिंदू समाज में एक नई ऊर्जा भरने का काम महंत जी के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का सफल संचालन पियूष मिश्रा के द्वारा किया गया।

